डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
15.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नहीं करते हैं, तब तक हमें वह काम नामुमकिन ही लगता है।


www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-31 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं

# जोहार

15 नवम्बर, 2022



PR No. 282271 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# न्यूज गैलरी

## बाल दिवस मनाना शिक्षकों का भी कर्तव्य : मिसम रिजवी

**हुसैनाबाद।** शहर के हरिहर चौक स्थित चैटर पॉइंट कंप्यूटर एवं अंग्रेजी कोचिंग संस्थान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री सह स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कोचिंग संस्थान में छात्र छात्राओं द्वारा केक काटा गया। वहीं सभी छात्र छात्राओं को संस्थान की ओर से पुरस्कार दिया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक मिसम रिजवी ने पंडित जवाहरलाल नेहरु के जीवन काल पर प्रकाश डाला और बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरु भारत के स्वतंत्रता सेनानी के साथ- साथ आजाद भारत के पहले प्रधान मंत्री बने। उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था,बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। आगे उन्होंने बताया कि हर साल बच्चे शिक्षक दिवस को धूम धाम से मनाते हैं और जब बाल दिवस आता है तो कुछ शिक्षक या संस्थान उन्हें मायूस कर देते हैं सेलिब्रेट नहीं करते। चैटर प्वाइंट संस्थान विगत 19 वर्षों से बाल दिवस का आयोजन कर बच्चों को सम्मानित करता रहा है। आज संस्थान में बच्चों के द्वारा केट काटा गया । जिसको लेकर सभी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला । बच्चों ने कोचिंग संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाओं को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मिसम रिजवी ने कहा कि जीवन बहुत बहुमूल्य है । इसे शिक्षा रूपी श्रृंगार से सजाना चाहिए और मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। मौके पर सहयोगी शिक्षिका नूरी सबा, रुकैया खान, विकास कुमार वाजिद खान सहित सैकड़ों छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## धावाडीह स्कूल में मना बाल दिवस

**सतबरवा।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन व बाल दिवस धावाडीह एमएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को मनाया गया। जिसकी शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । वही कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य सुधा कुमारी ,समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी देवी ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को पेन, कॉपी, डायरी एवं चॉकलेट देकर सम्मानित किया । सम्मानित पश्चात जिप सदस्य सुधा कुमारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोगों का भविष्य उज्जवल हो, इसकी मैं कामना करती हूं । आप लोग पढ़े लिखे और एक जिम्मेदार नागरिक बने । शिक्षित होना बहुत जरूरी है, शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान होता है । पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में उन्होंने कहा कि वे एक ऐसे प्रधानमंत्री थे ,जो सभी को दिल से प्यार करते थे। उनमें बच्चों के प्रति असीम कृपा प्यार था। इसलिए बच्चें उन्हें चाचा नेहरू कहा करते थे। मौके पर राजेंद्र सिंह चेरो, विजय यादव, चंचल यादव, स्कूल के संचालक महेश यादव, संचालिका रीता यादव, राजेंद्र सिंह के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, बकरे की मौत

**विश्रामपुर।** बी मोड़ मुख्य सड़क पर बरवाडीह के समीप सोमवार को अनियंत्रित बाइक व बकरे की आमने सामने की टक्कर हो गई है। जिसमे बाइक सवार एक युवक व दो किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गये। वही बकरे की मौके पर ही मौत हो गई है। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी ललिता कुमारी, ममता देवी व चालक हरेंद्र कुमार चौधरी का नाम शामिल है। घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया । जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत स्थिति को देखते हुए, बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मौके पर जीएनएम सतेंद्र कुमार, ड्रेसर आदित्य पाल, सुरक्षा गार्ड संजय ठाकुर सहित कई अन्य स्वास्थकर्मि मौजूद थे।

## ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**हरिहरगंज।** शहर के बंजारी स्थित ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में सोमवार को बाल दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अरुणजय ठाकुर ने बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। छात्र-छात्राओं ने वेशभूषा पहनकर गीत नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश ठाकुर, प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद, शिक्षक सत्येंद्र ठाकुर, मिथिलेश सिंह, मुन सिंह, आनंद कुमार, विवेक मिश्र, शिक्षिका सुधा, स्नेह पाठक, सलमा, मनीषा कुमारी, फूल कुमारी, सुधा, रेखा, सुमन, चंचल, सोनाली, रुचि, अकाउंटेंट कंचन साव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**विश्रामपुर।** रेहला ज्ञानद्वीप कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, संतोष कुमार चौबे,स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय व सेवानिवृत्त शिक्षक विश्व नाथ प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित करते हुए द्वीप प्रज्जविलत कर किया। वहीं स्कूली बच्चो ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा मैट्रिक में टॉपर विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला,शशि नाथ चौबे, हिमांशु कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन।** सुठा पंचायत में रविवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज सिंह द्वारा किया गया उनके द्वारा शिविर में ग्रामीण को जानकारियां दी गई। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ,सीओ लाल बाबू,प्रमुख शोभा देवी,जिप सदस्य रीता देवी,मुखिया रवीना बीबी व उप प्रमुख अमरेश कुमार उपस्थित रहे। प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। जिससे महिलायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। शिविर में बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित लोगों के बीच सरकार के जन उपयोगी योजनाओं के बारे में बताते हुए शिविर में लगे सभी विभाग के स्टॉल के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। शिविर में सबसे अधिक सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना,पेंशन योजना, आवास योजना में आवेदन प्राप्त हुए।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

# सभी विभागों के स्टॉल का प्रशिक्षु आईएएस ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** नावा प्रखंड अंतर्गत इटको पंचायत सचिवालय में सोमवार को झारखंड सरकार के 3 वर्ष कार्यकाल पूरा होने के उपरांत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रखंड के पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 16 विभागों के महत्वाकांक्षी योजना का स्टाल लगाकर आंन स्पोर्ट लाभ देने की कार्यक्रम को लेकर पंचायत में दूसरे चरण के अंतिम जनता दरबार इटको पंचायत मुखिया जोहरा बीवी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन हुआ । जिसका संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार बीडीओ मोहम्मद अमीर हमजा, अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव,बीस सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, मुखिया जोहरा बीबी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर युवा समाजसेवी सफिर आलम ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया । शिविर के दौरान पलामू प्रशिक्षु आईएएस पदाधिकारी ने सभी विभागों के स्टाल पर जाकर निरीक्षण किया और कर्मियों को निर्देशित की। शिविर में मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम द्वारा नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉ की पोस्टिंग धीरेंद्र कुमार की हुई थी जो 6 माह पूर्व स्थानांतरण कर दिया गया है । जिससे क्षेत्र में चिकित्सा अभाव है। आए दिन एनएच 98 मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाएं प्रतिदिन हो रही है। जिसमें लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं । साथ ही पशुपालन विभाग के डॉ श्रीनाथ सिंह के स्थानांतरण से यहां का पद रिक्त है। जिससे मवेशियों को इलाज भी प्रखंड वासियों को दुर्लभ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से दोनों की पोस्टिंग की अविलंब मांग की। शिविर में सावित्रीबाई फुले समृद्धि किशोरी योजना ,स्वास्थ्य ,पेंशन, मनरेगा, शिक्षा, 15 वित्त आयोग, पशुपालन ,खाद्य आपूर्ति, 16 विभागों को स्टॉल लगाकर लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। साथी अतिथियों द्वारा जरूरतमंद लोगों को के बीच कंबल व जेसीपीएल द्वारा 62 स्वंय सहायता समूह के सदस्यों बीच 27,90000 की चेक द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे,पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद राजस्व कर्मचारी श्रीकांत दास, प्रधान सहायक सुधीर राम ,अंचल बड़ा बाबू, वैभव कांत , एएनएम प्रतिमा देवी, जनसेवक प्रभु राम, अनिल मेहता दामोदर चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय बालिका सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार ।** विश्रामपुर प्रखंड स्थित तोलरा रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण प्रखंड स्तरीय बालिका सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के आठवीं से 12वीं वर्ग तक के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम विश्व सनातन संघ राष्ट्रीय के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पत्रकार रामनिवास तिवारी के द्वारा आयोजित किया गया था। मौके पर रामनिवास तिवारी ने बताया कि सामान्य ज्ञान विषयों से 25 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गए थे। सामान्य ज्ञान से संबंधित छात्राओं ने उत्तर पुस्तिका में उत्तर भरकर रामानुज उच्च विद्यालय के शिक्षक गण को समर्पित किया। रामनिवास तिवारी ने बताया कि सबसे ज्यादा अंक लाने वाली तीन मेधावी छात्राओं का चयन किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिकांत उपाध्याय, निरंजन मिश्रा, गोरखनाथ तिवारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## वार्ड नम्बर दस में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दस में हड़ही नदी से झाझा गोदाम तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी वार्ड-दस के पार्षद मधु अग्रवाल और सिटी मैनेजर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि उक्त पीसीसी पथ बनने से वार्ड दस और ग्यारह वार्ड वासियों को काफी सुविधा होगी। सड़क निर्माण नहीं होने से आम अवाम को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजगार के साथ -साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि सड़क का विकास क्षेत्र के विकास का आईना होता है। पीसीसी पथ निर्माण होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा। मौके पर वार्ड पार्षद मधु अग्रवाल ने कहा कि चार वर्ष पूर्व ही पीसीसी पथ निर्माण के लिए मामला को बोर्ड में रखा गया था,जो आज पूरा हुआ। वैसे शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कटिबद्ध है। मौके पर मुख्य रूप से सिटी मैनेजर नजीबुल्लाहदीन अंसारी, जेई अफजल, पवन अग्रवाल, रोहन सिंह उर्फ मिंटू सिंह,मो. फैज, अमीन खान,अनूप सिंह, प्रवीण कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रशासन ने किया बच्चों के बीच कलम कॉपी का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रशासन द्वारा बाल दिवस के अवसर पर छिपादोहर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच कॉपी व कलम का वितरण किया गया। कलम कॉपी का वितरण विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नावाडीह कला ओपी प्रभारी अजय केरकेट्टा व प्रधानाध्यापक राजकुमार राम ने संयुक्त रूप से किया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि देश के प्रथम पीएम जवाहरलाल नेहरू का बच्चों से बहुत लगाव था। इसीलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर शिक्षक हरिचंद्र जयसवाल,अजय कुमार दुबे,नीरज मिश्रा, रविन्द्र चौधरी, हरिओम कुमार शुक्ला सहित कई छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

## स्नान घाट का जिप सदस्य व मुखिया ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** जिला पार्षद मद से प्रखंड के कुल्हिया पंचायत के लादी-वादी गांव समीप बतरे नदी किनारे पर सोमवार को जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, मुखिया नीतू कुमारी ने स्नान घाट सह धुलाई घाट का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने कहा कि इस क्षेत्र में आबादी अधिक होने के कारण नदी में स्नान सहित अन्य सुविधाओं के लिए काफी परेशानी होती थी। जिसे देखते हुए जिला परिषद मद से स्नान घाट का शिलान्यास किया गया। क्षेत्र के लोगों को स्नान एवं अन्य कार्यों के लिए काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर समाजसेवी राजेश राम, सत्येंद्र भुइयां, संजय यादव, संतोष मेहता, वार्ड सदस्य रीना देवी, नंदू यादव, शंभू राम, उपेंद्र मेहता, उमेश शर्मा, दिलीप बर्मा, जगनारायण मेहता, राजू कुमार, सुरेंद्र कुमार, बबलू कुमार, हरेंद्र मेहता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में महिला के लिए आठ सीटें आरक्षित

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के लिए वार्डों का परिसीमन कर दिया गया है। यहां 16 वार्डों में आठ महिला के लिए आरक्षित किया गया है। निवार्ची पदाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि अभी केवल वार्ड का हुआ है। अध्यक्ष सीट के परिसीमन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। अभी वार्ड का परिसीमन किया गया है। जिसमें वार्ड नंबर एक अनारक्षित अन्य, वार्ड दो अनारक्षित महिला, वार्ड तीन अनारक्षित महिला, वार्ड चार अनुसूचित जाति महिला, वार्ड पांच अनारक्षित महिला, वार्ड छह अनारक्षित अन्य, वार्ड नंबर सात अनारक्षित महिला, वार्ड आठ अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड नौ अनारक्षित अन्य, वार्ड दस अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर ग्यारह अनारक्षित अन्य, वार्ड बारह अनारक्षित अन्य, वार्ड तेरह अनारक्षित अन्य, वार्ड चौदह अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड पन्द्रह अनारक्षित महिला और वार्ड सोलह अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

## पूर्व विधायक ने हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने सोमवार की दोपहर पांकी के गजबोर रोड स्थित न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बिट्टू सिंह ने कहा कि पांकी प्रखंड क्षेत्र में न्यू लाइफ मल्टी हॉस्पिटल के उद्घाटन होने से यहां के मरीजों को अब बड़े शहरों में जाकर इलाज करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । क्योंकि इस हॉस्पिटल में ओपीडी सर्जरी समेत तमाम सुविधाएं काफी कम खर्च पर उपलब्ध कराई जायेगी। वही हॉस्पिटल के संचालक आनंद सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए कम कीमत पर बेहतर इलाज मुहैया कराने का उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि डॉ. मकबूल अंसारी एमबीबीएस, डॉ. अतुल प्रकाश एमबीबीएस, डॉ. अजय कुमार एमबीबीएस, सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की पूरी टीम हॉस्पिटल में सेवा देंगे। मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, सिहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया उद्घाटन

### ग्रामीणों की समस्या सुन कई योजनाओं के लाभुकों को दी स्वीकृति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड अंर्तगत कुकही पंचायत स्थित ब्रह्मस्थान के प्रागंण में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के उपायुक्त आजनेयुलू दोड्डे ने किया। उन्होंने सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से संबधित लगे स्टॉलों का निरीक्षण लेने के बाद प्रतिनियुक्त कर्मियों से कई जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गरीबी के अंतिम पायदान पर जीवन बसर करने वाले ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासन गांवों में भ्रमण कर चिन्हित करने का कार्य करें। इसके बाद उन्हें हरसंभव सरकारी लाभ मुहैया कराकर पुण्य लेने का काम करें। इससे उनका जीवन भी सार्थक हो जायेगा। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के बाद 10 अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र दी। साथ ही 400 से उपर आवेदनों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 20 स्कूली छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण दिया। वहीं दरबार में आये वृद्ध असहायों का हाल चाल लेने के बाद दर्जनों ग्रामीणों को कंबल ओढ़ाकर उपायुक्त ने उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद इसी कार्यक्रम से ऑनलाइन उन्होंने छह योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इसमें परता पंचायत में भोला राम के घर से शिव हरि साव के घर तक, मोकहर कला के कुड़वा खुर्द में इकबाल खान के घर से व बरडंडा के झरी गांव में अंजन सिंह के घर से रामेश्वर राम के घर तक पीसीसी, हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय तालाब निर्माण व कुकही में पंचायत पुस्तकालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने दरबार में मौजूद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, डीएसडब्ल्यू संध्या रानी, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज, महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा व कुमारी शांति को कार्य प्रगति के संबध में कई निर्देश दिये। जबकि इस कार्यक्रम में उपस्थिति प्रमुख कलावती देवी, पंसस राजीव कुमार शर्मा, शैलू जयसवाल, पप्पू कुमार पासवान व गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया संतोष कुमार सिंह, नाजमा खातून, सुदर्शन राम, कमल कुमार पासवान, कुसुम देवी, रेणु देवी, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, नावाजिश खान, रविन्द्र सिंह ने उपायुक्त से पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर समाधान की दिशा में कार्रवाई का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने उनके गांवों चहुंमुंखी विकास करने को कृतसंल्पित हैं। इसके प्रति उन्हें सजगता व सक्रियता से काम करने के प्रति आगे आना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उन्हें समाधान में कोई परेशानी आये तो वे सीधे उनके पास मिलकर अपनी व्यथा रखने को स्वतंत्र हैं।


कार्यालयः- क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर,आयुक्त, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर कार्यालय के प्रथम तल पर कमरा सं०- 21 पलामू (झारखण्ड) 822101

ई०मेल- rddepalamau_2012@rediffmail.com

**कार्यालय आदेश**

दिनांक 18.08.2022 के दैनिक समाचार पत्रों में राजकीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेदिनीनगर/रेहला/ लातेहार एवं प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, सतबरवा में प्रशिक्षण सत्र 2018-2020 में नामांकन हेतु विज्ञप्ति संख्या- 01/2020-2021 के द्वारा अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

निदेशक, जे०सी०ई०आर०टी, रांची के पत्रांक-742 दिनांक 05.09.2022 के द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.07.2022 को राज्य कार्यकारिणी समिति, जे०सी०ई०आर०टी की संम्पन्न बैठक में सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि उक्त सत्र 2018-2020 में नामांकन की प्रक्रिया निरस्त किया जाए।

राज्य कार्यकारिणी समिति के उक्त निर्णय एवं निदेशक, जे०सी०ई०आर०टी, रांची के निदेश के आलोक में सत्र 2018-2020 के राजकीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेदिनीनगर/रेहला/ लातेहार एवं प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, सतबरवा में नामांकन की प्रकिया को निरस्त किया जाता है।

अगले नियमित सत्र में नामांकन हेतु निदेशक, जे०सी०ई०आर०टी, रांची के आदेश प्राप्त होने पर अलग से सूचना दी जाएगी।

ह/०
(शिव नारायण साह)
क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक,पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 282232 Forest, Environment and Climate Changes(22-23).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, लोहरदगा**

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 16.11.2022 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई हैः-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Asahi India (Panvel) Mumbai. | Skill Training | 107 | ITI/DME/BE | 18-35 | 15,000/= Facility Travels and Food Available |
| 2 | Rucha Engineering, Aurangabad | Skill Training | 50 | ITI | 18-35 | 17,250/= to 21,000/= Facility Travels and Food Available |
| 3 | Badve Engineering., Nandur Pune | Skill Training | 40 | ITI | 18-35 | 16,500/= Facility Travels and Food Available |
| 4 | Badve Engineering, Bhamboli Pune. | Skill Training | 25 | ITI | 18-35 | 16,500/= Facility Travels and Food Available |
| 5 | Rucha Engineering, Mhaisur Karnataka. | Skill Training | 40 | ITI | 18-35 | 17,250/= Facility Travels and Food Available |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:00 बजे से होगी। **कोविड 19** को देखते हुए सामाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 282198 (Lohardaga)22-23*D

डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
15.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नहीं करते हैं, तब तक हमें वो काम नामुमकिन ही लगता है।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-31 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50




## सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. तपन कुमार शांडिल्य एवं रजिस्ट्रार नमिता सिंह ने मुलाकात की।

## डॉ. पॉल दिनाकरन ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को करुण्या यूनिवर्सिटी कोयंबटूर के चांसलर डॉ. पॉल दिनाकरन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## भू-माफियाओं से संलिप्त पदाधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने का निर्देश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भू-माफियाओं से संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर निबंधन करने में संलिप्त देवघर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अमर प्रसाद, तत्कालीन अंचल अधिकारी जयवर्द्धन कुमार और तत्कालीन अवर जिला निबंधक राहुल चौबे के विरुद्ध पीई दर्ज करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, देवघर द्वारा इन पदाधिकारियों के विरुद्ध मौजा श्यामगंज, थाना नंबर 413, प्लॉट नंबर 240, कुल रकबा 114.78 डि. भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत कर अवैध रूप से भूमि की खरीद-बिक्री से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। इससे संबंधित उपायुक्त देवघर द्वारा पर्याप्त साक्ष्य भी समर्पित किया गया है।

## जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मामला : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सर्वोच्च अदालत में सोमवार को जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मामला है। यह देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को इसके लिये कदम उठाना होंगे। इसको लेकर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। अदालत ने आगे कहा कि धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र को अपना रुख स्पष्ट करना होगा। बता दें कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कई राज्यों ने कानून बनाये हैं। इनमें जबरन धर्मांतरण कराने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। जिन राज्यों ने इसके लिए कानून बनाया है, उनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक शामिल हैं। ये सभी भाजपा शासित राज्य हैं।

## युवक का कुंए में मिला शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदिया पंचायत के शिवाटोली सरना बगीचे के पास खेत में बने कुएं से एक युवक का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना अलौदिया के मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो की दी। सूचना मिलते ही संदीप घटनास्थल पर पहुंचे और कुंए में शव होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से कुंए से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त प्रमोद नायक पिता स्वर्गीय विमल नायक के रूप में की गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि प्रमोद नायक नवंबर माह में ही पत्नी की हत्या के मामले में 10 साल की सजा काटकर जेल से छूटकर आया था।

# झारखंड स्थापना दिवस आज, सीएम ने लिया जायजा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### मुख्यमंत्री ने तैयारियों के संबंध में बिंदुवार जानकारी पदाधिकारियों से प्राप्त की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची स्थित मोरहाबादी मैदान पहुंचकर 15 नवम्बर 2022 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होनेवाले मुख्य समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने तैयारियों के संबंध में बिंदुवार जानकारी पदाधिकारियों से प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि मुख्य समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होनेवाले अतिथि एवं आमजनों के लिए बैठने की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें। आगंतुकों के बैठने के लिए लगायी गयी कुर्सियों के बायीं तथा दायीं दोनों ओर एलईडी स्क्रीन्स लगायें। कुर्सियां एवं एलईडी स्क्रीन्स सुनियोजित एवं व्यवस्थित ढंग से लगायें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य मंच के बैकग्राउंड में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का आदमकद तस्वीर लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाड़ियों की पार्किंग की भी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। आमजनों को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े इसका पूरा ध्यान रखें। विधि-व्यवस्था का संधारण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### स्थापना दिवस पर रांची में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस को लेकर 15 नवम्बर को रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर शहर भर में दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गयी है। सुरक्षा में लेकर छह डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दारोगा को भी लगाया गया है। मोरहाबादी स्थित मुख्य आयोजन स्थल की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, जैप, एटीएस और झारखंड जगुआर की टीम को भी तैनात किया जायेगा। सुरक्षा में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जायेगी। इसके लिये पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम की तैनाती की गयी है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीमांत व ज्योति ने 10 हजार 300 की उचांई पर फहराया तिरंगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सीमांत कुमार एवं ज्योति कुमारी ने मनाली के खोकसर में 10 हजार 300 फिट उंचाई पर तिरंगा फहराने का साहसी कार्य किया है। इस तरह के कार्य कर दोनों ने पलामू पांकी का नाम रौशन किया है। मजदूर किसान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सीमांत कुमार एवं ज्योति कुमारी का चयन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस में हुआ है। हिमाचल प्रदेश में यह आयोजन 10 नवंबर से 19 नवंबर तक चलेगा। सीमांत कुमार एवं ज्योति कुमारी इस शिविर के दौरान खोकसर में 10 हजार 300 फिट उंचाई पर जा कर तिरंगा झंडा फहराया है। इस साहसी कार्य के लिए नीलाम्बर -पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामलखन सिंह, कुल सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह, पांकी विधानसभा भाजपा विधायक सह एम के कॉलेज के सचिव कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, पूर्व सचिव डॉ बिन्देश्वर सिंह, प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी पुरषोत्तम सिंह, एनएसएस के पूर्व ग्रुप लीडर प्रदीप कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर, एनएसएस स्वंय सेवक, सेविकाओं ने इस साहसी कार्य पर महाविद्यालय का नाम रौशन करने के लिए शुभकामना दी।

## पलामू में नगर निगम वार्ड आरक्षण की सूची जारी

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा मेदिनीनगर के वार्ड का आरक्षण सूची जारी किया गया। मेदिनीनगर में कुल 35 वार्ड है। जिसमें सभी वार्ड के सीटों पर आरक्षण की सूची जारी किया गया है। निर्वाचन क्षेत्र / प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम जारी किया गया है। वार्ड संख्या 01 में अनुसूचित जाति के महिला सीट है। वार्ड संख्या 02 में अनुसूचित जाति के अन्य होंगे। वार्ड संख्या 03 में अनारक्षित के अन्य होंगे। वार्ड संख्या 4 में अनुसूचित जाति व महिला के लिए आरक्षित होंगी। वार्ड नंबर 5 में अनुसूचित जनजाति व अन्य के लिए आरक्षित होंगे। वार्ड नंबर 6 अनारक्षित सीट होंगी व अन्य के लिए होंगे। वार्ड नंबर 7 अनारक्षित व महिला वार्ड न0 08 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 09 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 10 अनारक्षित महिला, वार्ड न0 11 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 12 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 13 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 14 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 15 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 16 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 17 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 18 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 19 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 20 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 21 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 22 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 23 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 24 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 25 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 26 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 27 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 28 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 29 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 30 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 31 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 32 अनारक्षित व अन्य, वार्ड न0 33 अनुसूचितजाति व अन्य, वार्ड न0 34 अनारक्षित व महिला, वार्ड न0 25 अनारक्षित व अन्य की सूचि जारी किया गया।

## जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य संतोष यादव गिरफ्तार

**बरवाडीह।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सूरज जी दस्ता के सक्रिय सदस्य संतोष यादव को बरवाडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को बरवाडीह थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहारा, इंस्पेक्टर चंद्र शेखर चौधरी और थाना प्रभारी श्रीनिवास ने जानकारी दी है। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त रूप से जानकारी मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सूरज दस्ता के टीम के सदस्यों द्वारा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों में लेवी वसूलने व पर्चा चिपकाने का काम किया जा रहा है। उक्त जानकारी के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी एवं सीआरपीएफ के जवानों को शामिल किया गया। छापेमारी के क्रम में पलामू किला क्षेत्र से सूरज जी दस्ता के सक्रिय सदस्य संतोष कुमार यादव पिता केश्वर यादव ग्राम ठेमी, थाना -सतबरवा, जिला-पलामू निवासी को गिरफ्तार किया गया। जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य संतोष यादव के पास से नक्सली साहित्य, पर्चा व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पूछताछ में संतोष यादव ने स्वीकार किया है कि वह सूरज जी दस्ता के सक्रिय सदस्य है। इस क्षेत्र में लेवी वसूलने एवं ठेकेदारों को धमकाने का काम करते है।

# रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ निगरानी जांच

### एसीबी करेगी कार्रवाई, हेमंत सोरेन ने दिये प्राथमिक जांच के आदेश

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन के आरोप की हुई पुष्टि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रघुवर दास के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में प्रारंभिक जांच (पीई) के आदेश दिये हैं। पांच पूर्व मंत्रियों अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ. नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के खिलाफ पीई का आदेश मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (निगरानी) को दिया गया है। अब इन पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अलग-अलग पीई दर्ज कर जांच होगी। एसीबी ने इन मंत्रियों पर लगाये गये आय से अधिक संपत्ति की शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाया है। वर्ष 2020 में जनहित याचिका पंकज कुमार यादव बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने पूर्व सरकार के मंत्रियों के खिलाफ आईआर दर्ज कर गोपनीय सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने निर्देश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (निगरानी), रांची को दिया गया था। एसीबी ने पांचों पूर्व मंत्री पर परिवादी द्वारा लगाये गये आय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एसीबी जांच का आदेश ध्यान भटकाने वाला : प्रतुल नाथ शाहदेव

राज्य सरकार के द्वारा भाजपा के पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रेतर जांच के लिए पीई दर्ज करने का निर्देश दिये जाने पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने इस कार्रवाई को सिर्फ ध्यान भटकाने वाला साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री और झामुमो निराशा और हताशा के दौर से गुजर रहे हैं। वह ऐसे आदेश देकर नया एजेंडा सेट करना चाहते हैं। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा को किसी भी जांच से कभी भी कोई परहेज नहीं, बशर्ते वह निष्पक्ष हो। लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में निष्पक्षता की आशा नहीं की जा सकती।

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पांच साल में दो लाख युवकों की हुई भर्ती

## अगले 18 महीनों में 10 लाख नियुक्ति का लक्ष्य

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के प्रयासों के तहत पिछले पांच वर्षों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीआईएसएफ) में लगभग दो लाख लोगों की भर्ती की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि इस साल जुलाई अंत तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और असम राइफल्स (एआर) में अब भी 84 हजार से अधिक पद रिक्त थे और इन्हें भी भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्ष 2017 से 2021 तक सीआरपीएफ में सबसे ज्यादा 1,13,208 युवाओं की भर्ती की गयी, 29,243 युवाओं को एसएसबी में और 17,482 युवाओं को बीएसएफ ने शामिल किया गया। पिछले पांच वर्षों में सीआईएसएफ में 12,482 युवाओं, आईटीबीपी में 5,965 और असम राइफल्स में 5,938 युवाओं को भर्ती किया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भी जुलाई तक, छह केंद्रीय बलों में 10,377 युवाओं की भर्ती की गयी। सीआरपीएफ में 6,509, एसएसबी में 1,945, बीएसएफ में 1,625, असम राइफल्स में 229 और सीआईएसएफ में 69 युवा भर्ती किये गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर को एक भर्ती अभियान शुरू किया था, जिसके तहत अगले 18 महीनों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 10 लाख कर्मियों की नियुक्ति किये जाने का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री का बाल पत्रकारों के साथ हुआ संवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल पत्रकारों के साथ भेंटवार्ता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों के साथ बातचीत की और उन्हें बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ संवाद में उन्होंने विविध विषयों की चर्चा की तथा अपने जीवन के कई यादगार पलों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित इस वर्ष के बाल दिवस का थीम स्पोर्ट्स, समावेश और विविधता पर सवाल पूछने का अवसर दिया। बाल पत्रकारों के साथ बातचीत के क्रम में उन्होंने दिल खोल कर जवाब दिये। इस कार्यक्रम में रांची जिले के सात प्रखंडों के बीस बाल पत्रकार शामिल हुए, जिन्होंने मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की।

मौके पर उपस्थित अंडर-17 फीफा विश्व कप-2022 में भारत का नेतृत्व करने वाली फुटबॉलर अष्टम उरांव ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव एवं खेल यात्रा की यादों को साझा किया। फुटबॉल खिलाड़ी अष्टम उरांव ने कहा कि उन्होंने अपने पापा को देखकर फुटबॉल खेलना प्रारंभ किया था। चार साल तक काफी प्रैक्टिस, मेहनत की। अष्टम उरांव ने बताया कि किस तरह से वर्तमान राज्य सरकार ने उन्हें मदद पहुंचायी। फुटबॉलर अष्टम उरांव ने कहा कि अंडर-17 फीफा विश्व कप 2022 में टीम को जरूर हार मिली, परंतु सीखने को बहुत कुछ मिला। मैं और मेरी साथी खिलाड़ियों ने मैच जरूर हारे, पर जज्बा नहीं हारे। मन से कभी नहीं हारे। अष्टम उरांव ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से हमारे मैच हमारे पेरेंट्स ने भी लाइव देखा। अष्टम उरांव ने उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।

मौके पर यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि बच्चों के लिए भागीदारी, नेतृत्व और सशक्तिकरण के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए हमने इस साल 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर बाल पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मुख्यमंत्री के साथ बातचीत करने और अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए एक मंच दिया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा एवं महत्वकांक्षी बाल पत्रकारों ने अनुभवी पत्रकारों की तरह भूमिका निभायी और मुख्यमंत्री के साथ सहज माहौल में बाल अधिकारों से संबंधित प्रश्न पूछे। इस अवसर पर यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अपराधियों ने युवक को मारी गोली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा में अज्ञात अपराधियों ने दीपक पाठक नामक व्यक्ति को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक के पेट में गोली लगी है। वही इस घटना के बारे में पुलिस घायल युवक से पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में युवक ने बताया कि उसके घर के पास रास्ता को लेकर पिछले कई महीनों से अपराधियों से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर प्रकाश भुइयां और सुनील भुइयां के द्वारा दीपक पाठक को गोली मारी गई है। वही इस घटना के बाद से पुलिस अपराधियों के धरपकड़ के लिए छापामारी कर रही है।

## न्यूज गैलरी

### प्रमुख ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना



**खरौंधी(गढ़वा)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 को लेकर आम लोगो व मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी(81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र)सह अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रमुख आभा रानी ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।.मतदाता जागरूकता रथ खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के गांव गांव में जाकर अधिक से अधिक योग्य लोगो को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिये जागरूक करने को लेकर प्रचार प्रसार करेगा।.मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार,प्रखंड समन्वयक असर्फी राम,लेखपाल असनंदन राम,निर्वाचन कार्यालय से अरविंद कुमार गुप्ता,ऑपरेटर मनीष कुमार,समाजसेवी संतोष कुमार सिंह,अमर प्रताप मेहता,अमरेश चौधरी,लल्लू मेहता,नजरें आलम,बिनोद सिंह सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### दुधमनिया जंगल में मिले घायल लकड़बध्घा का इलाज के दौरान मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के दुधमनिया जंगल से मिले घायल लकड़बध्घा का इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद पशु चिकित्सक सत्येंद्र नारायण ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के पश्चात वन विभाग के पीछे का खाली जमीन में रेंजर की उपस्थितिमें वन विभाग के कर्मियों ने दफना दिया। बताते चले कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी पंचायत के दूधमनिया जंगल के बहेरवाखाड़ी में ग्रामीणों के द्वारा जंगली जानवरों को तार के बने फांसे में फंसा कर मारने के लिए लगाए गये थे। फांसे में बीती रात एक लकड़बध्घा के फंसने से बुरी तरह घायल हो गया था। जिसकी सूचना मीडिया को मिलने के बाद मीडिया द्वारा इसकी सूचना रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर को दी गई। रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पहुंची। बड़ी मुश्किल से फंदे में फंसे जानवर को निकाला गया। फंदे में फंसने से लकड़बध्घा जानवर का पैर एवं गर्दन पूरी तरह जख्मी हो गया। गंभीर रूप से घायल जानवर का इलाज वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। इलाज के दौरान ही जानवर की मौत हो गई।

### सरस्वती विद्या मंदिर में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष राजकुमार,प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्तरूप से भारत माता, मां शारदे, और हनुमान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक,मानसिक व वौद्धिक क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में जलेबी खाओ प्रतियोगिता, बोरा दौड़, चम्मच गोली रेस, बैलून फोड़ो प्रतियोगिता, सुई धागा रेस,एकल भजन प्रतियोगिता, सामूहिक देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट, चित्रकला प्रतियोगिता, कब्बडी प्रतियोगिता, धीमी साइकिल रेस प्रतियोगिता, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के अंत मे सभी विजेता प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया.मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में चाचा नेहरू की जयंती मनाई गई

**खरौंधी(गढ़वा)।** बाल दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में बाल दिवस के शुभ अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू को याद किया। मौके पर शिक्षक इंद्रमण यादव,मंजूषा गुप्ता,मुनेश्वर राम,राजेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रा आकांक्षा कुमारी,लक्ष्मीबाई, साक्षी गुप्ता,प्रियंका कुमारी फिजा रानी आदि में चाचा नेहरू के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला वही स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री वह बच्चों के प्रिय पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कई मॉडल प्रस्तुत प्रस्तुत किए गए।बच्चों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर कार, स्मार्ट सिटी जैसे कई विषयों पर बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा पंडित नेहरू एवं पेड़ पौधे का रूप धारण कर प्रकृति बचाने के लिए मनमोहक एवं आकर्षक झांकी का भी प्रस्तुतीकरण किया गया तथा क्विज प्रतियोगिता और चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 में 13 लाख 67 हजार की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास की

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 में रामचन्द्र साव के घर से लीला कुंवर के घर तक 13लाख 67 हजार की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि इस वार्ड के लिये पीसीसी पथ बहुत जरूरी था.बारिश के दिनों में वार्डवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था.पीसीसी पथ बन जाने से अब उन्हें परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड का विकास तीव्र गति से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शत प्रतिशत लोगो को मिला है। महिला स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें अनुदानित राशि निर्गत किया गया है.उन्होंने कहा कि हमने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर वहाँ की स्थिति को देखा व समझा है। उसके बाद बोर्ड की बैठक में सड़क,नाली सहित अन्य योजनाओं को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारने का कार्य किया हूं। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, वार्ड पार्षद अनिल गुप्ता, सीआरपी इशरत खातून, माया देवी, कमला देवी, कबूतरी देवी, चिंता देवी,उमेश प्रसाद, धनंनजय चंद्रवंशी, संतोष गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### डेंगू को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य को दिया गया प्रशिक्षण, बोले सीएस

# डेंगू बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सोमवार को डेंगू को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक व मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाइजर शामिल हुए। इसमें बतौर प्रशिक्षक सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा सह मलेरिया पदाधिकारी डा.कमलेश कुमार एवं जिला मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। इसमें डेंगू के लक्षण, कारण, बचाव व इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि देश एवं राज्य के अन्य जिले में जिस तरह से डेंगू तेजी से फैल रहा है, इसे लेकर सतर्क रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डेंगू को अधिसूचित



रोग की श्रेणी में रखा है। डेंगू के किसी भी मरीज का इलाज करने वाले निजी अस्पताल, मरीज या कोई भी चिकित्सक इसे छिपाएं नहीं, बल्कि जिला मलेरिया विभाग को इसकी तुरंत सूचना दें। डेंगू को लेकर सूचना छिपाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि डेंगू के लिए एलाइजा टेस्ट की निश्शुल्क व्यवस्था सरकारी अस्पतालों के माध्यम से होती है। डेंगू का लक्षण दिखते ही मरीज को तुरंत आइसोलेट करना जरुरी है। साथ ही गाइडलाइन के अनुसार इलाज करना है। मौके पर भंडरिया सीएचसी प्रभारी डा.विजय किशोर रजक, डा.गौतम यादव, डा. महजबीं यामानी, डा.राकेश रंजन गुप्ता, डा.आलोक रंजन, डा.रामानुज प्रसाद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने प्रस्तावित बस स्टैंड स्थल का किया निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** उपायुक्त रमेश घोलप ने सोमवार हेन्हो मोड़ के समीप प्रस्तावित बस स्टैंड का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार से प्रस्तावित बस स्टैंड के भूमि से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ आलोक कुमार ने उपायुक्त महोदय को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि 3 एकड़ 16 डिसमिल का प्लॉट है, जिसमें श्री बंशीधर नगर और बहियारी ग्राम की भूमि है। जो सरकारी भूमि है। उक्त भूमि का गलत तरीके से लगान कराया गया था, जिसे 1994 में ही खारिज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त महोदय के ही न्यायालय में मामला चल रहा है, जिसे खारिज होने पर बस स्टैंड निर्माण का मामला प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि का उपायुक्त के न्यायालय में चलने के बावजूद कई लोगों द्वारा अवैध जमाबंदी कराकर कब्जा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में बस स्टैंड की भूमि चिन्हित की गई है। जानकारी प्राप्त हुआ है कि उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा न्यायालय में मामले चलने के बावजूद अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जल्द उक्त मामले पर निष्पादन किया जाएगा और चिन्हित भूमि पर बस स्टैंड निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# 15 वर्षों में जो काम नहीं हुआ उसे पांच वर्ष में कर दिखाने का काम करूंगी: अंजली

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** नगर परिषद का चुनाव जैसे- जेसे नजदीक आ रहा है। वैसे- वैसे प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क करना शुरू कर दिये है। अध्यक्ष पद के भावि प्रत्याशी अंजली गुप्ता ने विभिन्न वार्ड में घर- घर जाकर मुलाकात कर रही है। इस मौके पर अंजली गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में जो विकास होनी चाहिए थी। वह नहीं हो पाई है। पिछले 15 वर्षों से नगर परिषद की जनता ठगा हुआ महशूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा फुटपाथ दुकानदारों के लिए कोई वैकल्पित व्यवस्था नहीं किया गया है। अगर नगर परिषद द्वारा फुटपाथ दुकानदारों के लिए स्थाई व्यवस्था किया जाता तो नगर परिषद के फुटपाथ दुकानदार सड़क के किनारे दुकान लगाने का काम नहीं करते। शहर में जब भी अतिक्रमण हटाव अभियान चलता है। तो फुटपाथ दुकानदारों को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि



अगर नगर परिषद के जनता का आशीर्वाद व सहयोग मिलेगा तो नगर परिषद क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करने का काम करूंगी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में जो काम नहीं हुआ है। उसे पांच वर्ष में कर दिखाने का काम करूंगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास करूंगी । उन्होंने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो गरीब व जरूरतमंदों को आवेदन लेकर कार्यालय में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैं स्वयं उनके दरवाजे पर जाकर सभी समस्या का समाधान करने का काम करूंगी।

### चिनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंख जांच शिविर का आयोजन

# 16 को सदर अस्पताल में मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को आंख जांच शिविर का आयोजन कर प्रखंड क्षेत्र के लगभग 80 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिनका आगामी 16 नवंबर को गढ़वा सदर अस्पताल में सभी रजिस्ट्रेशन किए गए लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा । आपको बताते चलें की स्वर्गीय विमला देवी ठाकुर एवं स्वर्गीय कौशल कुमार ठाकुर की पुण्य स्मृति में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से निशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन दिनांक 15 नवंबर से लेकर 25 नवंबर 2022 तक गढ़वा सदर अस्पताल में किया जाएगा । जिसके तहत आज चिनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन कर 80 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया ।



### 1000 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करने का लक्ष्य

इसकी जानकारी देते हुए जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आज हमारे स्थानीय विधायक स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से पूरे गढ़वा सदर अस्पताल में 1000 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया है जो यह पूरी तरीके से निशुल्क होगा । ऑपरेशन कटक आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर कटक उड़ीसा के कुशल चिकित्सकों द्वारा किया जाना है । इसके लिए हम माननीय मंत्री जी का आभार प्रकट करते हैं । मौके पर डॉक्टर नीतू कुमारी, डॉ अशोक बाखला, एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद अंसारी,झामुमो नेता राम सागर यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह, उप प्रमुख मोहम्मद बेलाल, युवा सचिव बेलाल अंसारी, रंका प्रखंड युवा सचिव दीपक सोनी, बिरेंद्र रवि, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे ।

# वन भूमि पर पक्का आवास निर्माण करने पर विभाग ने दर्ज कराया मामला

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत अंतर्गत शिवनगरी में वन भूमि पर पक्का आवास निर्माण करने को लेकर सोमवार को भवनाथपुर वन विभाग के द्वारा अनिता देवी पति बजरंगी अगरिया पर धारा 33सी 1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है । बताते चले कि शिवनगरी में पूर्व से ही अगरिया व अन्य जाती के लोंगो के द्वारा जंगल को काटकर कच्चे मकान व झोपड़ी बना कर खेती बाड़ी किया जा रहा है कोई करवाई नही होने से कुछ लोंगो के द्वारा अब पक्के मकान भी निर्माण होने लगा। जबकि मकान बना रहे बजरंगी अगरिया की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि 15 वर्षों से हम लोग यहाँ खेती बाड़ी कर रहे है और कच्चा मकान भी है। यह जमीन



वन विभाग का नही है सेल की भूमि है । छह माह पूर्व जब प्लिंथ कर रहे थे तो वन विभाग के लोग आए थे नक्शा लेकर कुछ नही बोले अब मकान ढलाई लेबल पर चल गया तो निर्माण बन्द करने के लिए वन विभाग के लोग आकर बोले है। रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर से पूछे जाने पर कहा कि वन कर्मियों को भेजकर काम रुकवा दिया गया है। एक महिला पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** सोमवार को दो अलग-अलग घटित घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर के समीप ट्रक एवं बाइक के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायल लाल साहेब मेहता, मुन्ना मेहता एवं नितिश मेहता तो ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाया गया। जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नितेश भारती के द्वारा ईलाज किया जा रहा है। जबकि दूसरी घटना मकरी ढेकुलीया के पास दो बाइक में हुए टक्कर में गंभीर रूप से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी हरियरी निवासी अजय उरांव की की पत्नी सुमित्रा देवी है। घायल महिला का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया गया। आयुष डॉक्टर नितेश भारतीय द्वारा इलाज के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# चिनियां में वन विभाग ने बेशकीमती लकड़ी समेत वाहन को किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** में बीती रात वन कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर तथा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सवारी मैजिक वाहन का पीछा कर उस पर लदे सखुआ के बेशकीमती लकड़ियों को वाहन समेत जप्त किया है । इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हम लोगों को यह गुप्त सूचना मिली थी की लकड़ी तस्कर रंका थाना क्षेत्र के दुधवल रोड से होते हुए चिनिया गढ़वा मुख्य सड़क से जा रहे हैं जिसके बाद हम लोगों ने रंका पश्चिमी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्र के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि 12 बजे थाना क्षेत्र के मसरा गांव से मैजिक वाहन जिसका नंबर जे एच 11 छ 0997 है उसका पीछा करते हुए चिनीया बस स्टैंड ग्रामीण बैंक के पास हम लोगों ने धर दबोचा,जबकि मौके से मैजिक वाहन का ड्राइवर भागने में



सफल रहा है । वहीं वाहन पर जप्त किया हुआ लकड़ियों की सूची इस प्रकार है । 6/4 का बना बनाया हुआ सखुआ का चौपहल 12 पीस,8/4 का बना बनाया हुआ सखुआ का चौपहल 7 पिस का नाम शामिल है। वही जप्त किए है लकड़ियों की कीमत लगभग 60000 बताई जा रही है । जिसे बन कर्मियों ने लकड़ी लदे वाहन को जप्त कर चिनिया बन परिसर लगा दिया है । वही इस अभियान में चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, वन कर्मी प्रेमचंद दास, उमेश कुमार सिंह, राधेश्याम प्रसाद, रंजीत कुमार, विजय सिंह, मौके पर मौजूद थे।

### करवापहाड गांव मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल करवापहाड गांव मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने अधीनस्थ अधिकारीयो के साथ जनता दरबार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त के साथ वंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, बीस सुत्री अध्यक्ष ई0 ओबैदुलाह अंसारी, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव सहित प्रमुख शांति देवी जिप सदस्या सरिता कुमारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया । उपायुक्त ने जनता दरबार मे विभिन्न योजनायें के तहत योग्य लाभुको के



बीच परिसम्पत्तियो का वितरण तथा केसीसी लोन का भी वितरण किया। उपायुक्त ने जनता दरबार मे लोगों को उत्साहित करते हुए कहा कि लाखो लोग जनसमस्या का आवेदन दे रहे है। साथ ही त्वरित कार्रवाई के साथ समाधान भी हो रहा है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजना सावित्रीबाई फुले समृधि योजना मुखयमःत्री रोजगार सृजन फुलोजानो सहित सभी योजनाओं पर क्रमश प्रकाश डाला। लोगो को उत्साहित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने आवेदन को विभिन्न स्टाल मे दे उन्होंने किसी भी योजना मे बिचौलिया गिरी पर तत्काल थाना सहित उन्हे सुचित करने की तथा एसीबी से पकडवाने की नसीहत दी। कहाकि किसी भी सूरत मे बिचौलिया प्रथा बर्दाश्त योग्य नही है उपायुक्त ने उक्त गांव मे छबीस लाख सतर हजार रुपए की राशि का परिसमपति तथा लोन का वितरण करते हुए 55लोगो को कम्बल 20लोगो को वृद्धापेशन की सुविधा के साथ व्हील चेयर सहित वैसाखी का वितरण किया। इस मौके पर दामोदर जायसवाल, संतोष जायसवाल, रामाशंकर जायसवाल, इस्लाम खान, सत्यनारायण बैठा, मुखिया सगुनी राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व उग्रवादी निजाम सहित दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग आरोप में एक पूर्व उग्रवादी सहीत दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को गढ़वा जेल भेज दी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव निवासी निजाम अंसारी जो पूर्व उग्रवादी रह चुका है उसे कोर्ट से वारंट के आधार पर जीआर 368/11 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही दूसरा आरोपी लावा चंपा गांव निवासी अजय चौधरी को केश कांड संख्या 75/22 आर्म एक्ट के तहत 7 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त है, उसे भी गिरफ्तार कर दोनों को गढ़वा जेल भेज दिया गया।

### हुलहुलाखुर्द पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# प्राप्त 1483 आवेदनों में 1106 ऑन-द-स्पॉट निष्पादित



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड के हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 1483आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 1106 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम,प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,जिला परिषद सदस्य बाला रानी,अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा,मुखिया सुशीला देवी,बीटीएम दयानंद पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ श्रवण राम ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना तथा इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आप अपनी समस्याओं को लिखितरूप में सम्बंधित विभाग के स्टॉल पर जमा कराएं। आपकी समस्याओं का निदान करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आमजनों की समस्या का त्वरित रूप से निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हिसाब से काम कर रही है। जिपस बाला रानी ने कहा कि सरकार जनता के पास जाकर उनकी समस्या को सुनकर त्वरित रूप से निष्पादन कर रही। इस तरह के कार्यक्रम होने से ग्रामीणों में काफी खुशी का महौल हैं। कार्यक्रम में कुल 1483 आवेदन प्राप्त हुये जिसमे 1106 मामले निष्पादित किये गये।

### विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोगों ने दिये आवेदन

कार्यक्रम में आजीविका मिशन से 461,केसीसी के53 ,पीडीएस से 110,प्रधानमंत्री आवास योजना से सम्बंधित459 ,पेयजल से सम्बंधित 82,ई श्रम कार्ड के लिये53, समाजिक सुरक्षा पेंशन से सम्बंधित58, सावित्रीबाई फुले किशोरी सवृद्धि योजना के185 ,भूराजस्व के 10, तथा 15वें वित्त से सम्बंधित12 आवेदन प्राप्त हुये.मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह, कौशल कुमार, सीएचओ सोनम कुमारी,कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम,जिपस पति प्रमोद कुमार,समाजसेवी कमला सिंह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, कांग्रेस के माणिक राम, मुखिया पति वीरेंद्र प्रसाद, पंचायत सचिव प्रशांत कुमार,बीपीएम धनंजय कुमार, पल्लवी चौबे सहित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# डीलर द्वारा बरती गई अनियमितता की बीडीओ ने की जांच, दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के ग्राम चौरिया में विकास भारती स्वयं सहायता समूह के डीलर मुन्नी देवी के जन वितरण प्रणाली दुकान मे बरती गई अनियमितता की जांच बिडिओ गणेश महतो ने की। बीडीओ ने राशन दुकान पर पहुंचकर लाभुको से पूछताछ मे पाया कि डीलर मुनी देवी द्वारा दो माह का पर्ची निकाल कर केवल एक माह का ही अनाज दिया गया था। साथ ही लाभुको ने बताया कि डीलर द्वारा हम लोग को एक - दो किलोग्राम राशन कम दिया जाता है। बिडिओ ने जांच के दौरान रामचंद्र चौधरी का राशन कार्ड में चार व्यक्ति का नाम अंकित है। जिसमें एक व्यक्ति का 10 वर्ष पहले मृत्यु हो चुका है। इसके बावजूद डीलर के द्वारा प्रति माह उनके नाम पर राशन उठाव किया जाता है। बीडीओ गणेश महतो ने



फटकार लगाते हुए डीलर मुन्नी देवी को जल्द से जल्द सितंबर का राशन लाभूकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया।बीडीओ ने बताया कि पूर्व उप प्रमुख सहित पी एच लाभुकों के द्वारा मुझे सितंबर माह का राशन गबन करने का जानकारी दिया गया था। इसके अलावा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर जांच किया गया। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को सौंपा जाएगा। मौके पर लाभुक पहलाद चौधरी, नारद चौधरी, इंदल चौधरी, राजकुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद पर हुई सुनवाई

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को न्यायधीश एम आर शाह और हिमा कोहली के बेंच में सोनी कुमारी के द्वारा फाइल किया गया अवमानना वाद पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सोनी कुमारी के वकील गोपाल सुब्रमण्यम के द्वारा जजमेंट का सारांश बताया कि स्टेट मेरिट बनाने की बात कही गई है। लास्ट सलेक्टेड कैंडिडेट के कटऑफ के ऊपर से इस पर कोर्ट ने पूछा कि सरकार क्या कर रही है। तो बताया गया कि सरकार पूरे मेरिट लिस्ट को रिवाइस करते हुए कोर्ट के सामने कभी आए नहीं, जो कभी कोर्ट के सामने पीटीशनर बने नहीं, उनको भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुला रही है । हम कोर्ट के सामने आ चुके थे, जो पहले से पेटीशनर थे। उसमें हमारा कोई जगह नहीं है। कोर्ट अंतिम कट आफ से ऊपर लेने के बात पर सहमत बिल्कुल नहीं है। सरकार की तरफ से कोई नहीं रहने के कारण वहां जवाब देने कोई नहीं आया ,तो सरकार को नोटिस जारी कर दिया गया।अब इसकी अगली सुनवाई 28 नवंबर को है।

### संत मरियम स्कूल में शोक सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के छात्रावास प्रांगण में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया । विदित हो कि लगभग 11 दिन रिम्स अस्पताल में संघर्ष करने के बाद संत मरियम स्कूल के वरिष्ठ मृदुभाषी और विद्वान शिक्षक यशवंत प्रसाद का निधन हो गया था । स्कूल परिवार ने उन्हे तत्काल आर्थिक मदद प्रदान किया था। उनके सम्मान में एक दिन स्कूल को बंद किया गया था। साथ ही उक्त अवसर पर शिक्षकों की संयुक्त टीम और छात्रावास के बच्चों ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यशवंत सर का असमय जाना हमारे स्कूल प्रबंधन के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। सर के सम्मान में स्कूल प्रबंधन यशवन्त प्रसाद चेरिटेबल ट्रस्ट का निर्माण करेगा ,जो भविष्य में स्कूल के शिक्षकों के लिए आपातकाल में मददगार साबित होगा। वे बच्चों में काफी लोकप्रिय थे, और अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करते थे । अपने बेहतर कार्य कर्तव्य परायणता और सदैव अपने कार्यस्थल को पूजनीय मानने वाले यशवंत सर मृत्यु को प्राप्त होने के बाद भी हम सबों के बीच अपने विचारों से सदैव जीवित रहेंगे। मौके पर सभी शिक्षक गण मौजूद रहें।

### असंगठित कामगार कर्मचारी ने पूर्व पीएम को किया नमन



**मेदिनीनगर।** सोमवार को पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर पलामू जिला कांग्रेस भवन में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार सिंह ने उन्हें माला अर्पित करके उनका नमन किया। इस मौके पर कांग्रेस के उपाध्यक्ष जितेंद्र कमलापुरी, रंजन ठाकुर, सचिन कुमार ,राजीव रंजन, रोमान अली ,आदि लोग शामिल थे।

### मेयर प्रत्याशी ने किया चुनावी दौरा

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 32 की सभी बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए मैं कृतसंकल्पित रहूंगा। ये बातें अपने चुनावी दौरा के दौरान भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह रविवार को देर शाम वार्ड नंबर 32 में घर घर यात्रा के क्रम में बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान वार्ड नंबर 32 के दर्जी मुहल्ला के खराब पड़े चापाकल को निजी खर्च से मरम्मत करने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि वार्ड में विद्युतीकरण के सिमेंट पोल लगवाने के लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से मिलने की भी बात कही। श्री सिंह ने कहा कि अगर चुनाव में उन्हें जनमत मिलता है तो मैं वार्ड की सभी स्मस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा इस वार्ड में नहीं के बराबर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इस दौरान समस्त मुहल्लवासियों ने श्री सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य अफजल अंसारी ताज मोहम्मद, इलियास खलीफा, असराफील, राशिद खलिफा, धीरज जयसवाल, राजेन्द्र, शम्मसुद्दिन खलीफा, शरवर खलिफा, फरीद खलिफा, आलो बीबी, ओरैता बीबी, रायरून बीबी, ताजो बीबी, अरशद, अरमान, अली फैजल सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

### एमएसए पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस

**मेदिनीनगर।** पोखराहा खुर्द स्थित एस.ए पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह मनाया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मे 9 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित बैडमिंटन, कबड्डी, लोंग जंप, खो–खो, साइकिल रेस, बैलून रेस, स्पून रेस, स्किपींग रेस, फ्रांग रेस, चित्र कला, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत कर सभी विद्यार्थियों के बीच मिठाईयां बांटी। स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि आजादी के बाद स्वतंत्र भारत के वे पहले प्रधानमंत्री बने। उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण गुप्ता और मंच संचालन प्राचार्या सुनिता प्रसाद और प्रवीण तिवारी ने किया। पुरस्कृत होने वाले में अफताब अंसारी, हिबीसकश, आरीफ, तालीब, सलमान, सोनम, नाफीज, विक्की, सत्यम, रूपा, नगमा, सुमन, निरण, प्रिती ,अलीशा , पुनम,अमन, जयदत, लव, आदविक, संगीता, जैड, मुस्कान, मोज्मील, राजन, इमरान, आयुस ,सब्बा, राहत , ज्योति, सईद, रेश्मा, कमरान , लक्ष्मी, हीना, रोजी, रिया, परी, चंदन, सुपरना, इमैनुअल, कैफ ,आरवी , अम्रीता, अमन है।

### सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** अंबेडकर छात्रावास में रहकर अध्ययन करनेवाले नीट एवं एसएससी में सफलता हासिल करने पर छात्रावास परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता छात्रावास अधीक्षक प्रो अजय राम ने की। संचालन साकेत कुमार पासवान ने किया। नीट में प्रेम कुमार एवम विकाश कुमार पासवान ,उदेश कुमार ने सफलता हासिल की। सभी सफल छात्रों को मेडल एवम डायरी पेन किताब देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़े कड़ी मेहनत करें । परिश्रम का फल मीठा होता है। कठिन परिश्रम से आज के प्रतियोगिता समय सफलता मिल सकता है। इस अवसर पर छात्र नेता उदय राम ,साकेत कुमार ,हेमेंद्र कुमार ,यशवंत कुमार ,अनुराग कुमार ,विजय कुमार, विदेशी राम, विनय राम ,घनश्याम कुमार,राजकुमार ,विजय कुमार आदि सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। छात्रवास अधीक्षक प्रो. अजय राम एवं छात्र नेता उदय राम ने संयुक्त रुप से छात्रों को पुरस्कृत किया। घनश्याम कुमार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी छात्र अनुशासन में रहकर अध्ययन करें।

# आज मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

## अमृत महोत्सव के तहत मनाया जायेगा कार्यक्रम



### क्या है महत्व जनजातीय दिवस का

बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था की शोषक व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और 'उलगुलान' (क्रांति) का आह्वान करते हुए ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। घोषणा आदिवासी समुदायों के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को स्वीकार करती है। यह दिन हर साल मनाया जाएगा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और वीरता, आतिथ्य और राष्ट्रीय गौरव के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता दिया जाएगा। पिछले वर्ष रांची में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन प्रधान मंत्री द्वारा किया गया। जिसमें भारत सरकार ने आदिवासी लोगों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने और मनाने के लिए 15 नवंबर से 22 नवंबर 2021 तक सप्ताह भर चलने वाले समारोहों की योजना बनाई थी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित पूरे जिले में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर कई जगहों पर भव्य जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। ये आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया जा रहा है। देश भर के स्कूलों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी घोषणा की है। गौरतलब है कि सरकार ने पिछले वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया था। जिसके बाद सभी शैक्षणिक संस्थानों में इसका आयोजन किया जायेगा। 15 नवंबर बिरसा मुंडा की जन्मतिथि है। जिन्हें देश भर के जनजातीय समुदाय की ओर से भगवान के रूप में पूजा जाता है। बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और सम्माननीय आदिवासी नेता थे। जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की शोषण व्यवस्था के खिलाफ वीरता से लड़ाई की थी। ऐसे में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर देश भर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन करेगा। मौके पर स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों के योगदान के विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता समेत कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## भाकपा ने होल्डिंग टैक्स वसूली में राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पांकी रोड रेड़मा स्थित आवासीय कार्यालय में मेदिनीनगर नगर निगम के खास महल एवं निगम में शामिल नए क्षेत्रों से मनमानी होल्डिंग टैक्स वसूली पर राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया। मौके पर भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि चुनाव से पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो होल्डिंग माफ कर देंगे। परंतु उन्होंने सरकार बनने के बाद आज पुराने होल्डिंग टैक्स का दोगुना कर दिया। भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि चुनाव आते ही शहर में बरसात में निकलने वाले मेंढक की तरह प्रत्याशी निगम क्षेत्र में घूम रहे हैं । लेकिन चुनाव से पहले कोरोना के समय निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों से करोड़ों का होल्डिंग टैक्स वसूला गया । उस पर किसी ने आवाज नहीं उठाया नहीं निगम क्षेत्र में कोरोना काल के समय बंद पड़ी दुकानों से भी भाड़ा वसूला गया। उस समय खास महल की भूमि के बारे में भाजपा की रघुवर सरकार ने चुप्पी साध ली। जब नगर परिषद था तो पूर्व चेयरमैन भी खास महल भूमि लीज के मामले में मौन व्रत धारण किए हुए थे। इस मामले में पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी ने भी चुनावी वादों में कहा था कि नए क्षेत्रों का होल्डिंग टैक्स माफ करेंगे और खास महल जमीन को फ्रीहोल्ड करेंगे । लेकिन जब काम करने की बात आती है तो शहर के दर्जनों भावी मेयर प्रत्याशी जो अपने आपको बताते हैं वह कुछ नहीं बोलते। जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नगर निगम बनने के बाद निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों के होल्डिंग टैक्स खासमहाल जमीन या करोना काल के समय बंद पड़े दुकानों की भाड़ा वापसी सहित दर्जनों आंदोलन किया है। प्रेस वार्ता में नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार, आलोक तिवारी, आदि लोग उपस्थित थे।

## झारखंड जनक्रांति मोर्चा के प्रभारी व सह प्रभारी बनाये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा ज के प्रभारी संजय कुमार एवं सह प्रभारी मोजाहीर हुसैन को जे.जे.एम.जे के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में गढ़वा जिला का प्रभारी व सह प्रभारी बनाया गया। जिसमें संजय कुमार के साथ-साथ कई सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की । मौके पर पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि आज झारखंड बनें 22 साल हो गए । कई सरकारें आई और गई। सभी सरकारें आम जनता को छलावा में रखा । महागठबंधन की सरकार अपनी काली कमाई करने में लगी है। सरकार के करीब 3 साल हो गए और युवा आज भी बेरोजगार बैठे हैं । सभी लूट खसोट में लगे हुए हैं। सरकार आपके द्वार जनता इसे फेल कर चुकी है। पार्टी संरक्षक एलएन. वर्मा ने कहा कि झारखंड जनक्रांति मोर्चा के तहत झारखंड में समय आ गया है,जिसमें युवाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। युवा पार्टी में आये और झारखंड को एक विकास की ओर अग्रसर के लिए तत्पर रहें। मोहम्मद मुजाहीर हुसैन स प्रभारी सदस्य अर्जुन पासवान सहित कई कार्यकर्ता ने सदस्यता ग्रहण किया और मिलन समारोह को सफल बनाया गया।

### ज्ञानदीप कॉन्वेंट में मना बाल दिवस

**मेदिनीनगर।** रेहला स्थित ज्ञानद्वीप कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय व सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए द्वीप प्रज्जविलत कर किया। वहीं स्कूली बच्चों ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

## योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का एकमात्र उद्देश्य : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हैदरनगर के कुकही पंचायत में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे भी पंचायत में आयोजित शिविर में भाग लिये।यहां उपायुक्त श्री दोड्डे, कार्यक्रम की वरीय पदाधिकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी,अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, जिप सदस्य संगीता देवी, झामुमो नेता रामप्रवेश सिंह, महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं कुमारी शांति,मुखिया रेणु कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा के अलावे बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे। हैदरनगर के कुकही में आयोजित शिविर में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिली।मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में कहीं न कहीं प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका समापन 14 नवम्बर को हो गया।कोई भी हो,किसी भी उम्र के हों सभी वर्ग के लिये सरकार द्वारा कोई न कोई कार्यक्रम चलाया गया जिससे जिले में 50 हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं।। इन्हीं योजनाओं का लाभ आपके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि किसी को कोई भी समस्या हो तो वे बेझिझक अपनी समस्या संबंधित काउंटर पर रख सकते हैं। उन्होंने सभी से अपना ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य रूप से करने की बात कही ताकि उसे आवेदन पर क्या कार्रवाई हुआ उसको ट्रैक किया जा सके। शिविर में कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। अम्बेडकर आवास योजना के 10 लाभुकों को तत्काल स्वीकृति पत्र दी गयी। इसी तरह 100 से अधिक लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बाल विकास, महिला एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा दो दिव्यांगों को व्हीलचेयर, दो दिव्यांग को वैशाखी एवं छह दिव्यांगों को कान की मशीन प्रदान किया गया।वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 30 किशोरियों को तत्काल लाभ प्रदान किया गया। साथ ही इस योजना के तहत दो सौ से अधिक आवेदन किशोरियों से लिये गए।जेएसएलपीएस के द्वितीय क्रेडिट लिंकेज के तहत 05 सखी मंडल की दीदियों को 10 लाख रुपये का ऋण दिया गया। इसके अलावे परता, हैदरनगर पूर्वी एवं मोकहर कला की 6 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया।

## इंडियाज रियलिटी शो सर्च टैलेंट में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियाज रियलिटी शो सर्च टैलेंट के इतिहास में प्रतिभागियों ने चौका देने वाले परफारमेंस दिए। स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल में आयोजित टैलेंट शो के सीजन 5 में 450 चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडली के लोग पूरे मार्क्स देने पर मजबूर हो गए। मुख्य अतिथि अविनाश देव एवं विशिष्ट अतिथि युगल किशोर व समाजसेवी प्रदीप नारायण सिंह ने मिलकर सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। मौके पर ही टैलेंट शो के सेक्रेटरी सूर्यकांत कुमार ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि पलामू प्राकृतिक प्रतिभाओं का खान है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, श्रोताओं व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पलामू की धरती है जहां कलमकार से लेकर साहित्यकार तक फिल्मकार से लेकर फनकार के साथ पैदा लिए है। आज भी नृत्यकल, नाट्य व चित्रकार की दुनिया में लोग लोहा मानते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि पलामू के प्रतिभाशाली बच्चे विश्व पटल पर अपना कला का जौहर बिखरेंगे और पलामू का नाम रौशन करेंगे व अपने माता - पिता, गुरु, फख्र से टीवी तरफ इशारा कर कहेंगे की यह मेरा बच्चा है। जिला प्रशासन व संबंधित सरकार को ध्यान आकृष्ट करातेअत्याधुनिक तकनीक से सजा संवरा रंगमंच देने की कृपा करें। ताकि यहां के बच्चे माया नगरी के रुख कर सके। मौके पर ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित युवा समाजसेवी युगल किशोर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वाकई पलामू का रुख एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है और पलामू जैसे जिलों में राष्ट्र स्तर की रियलिटी शो के तर्ज पर पलामू में टैलेंट शो को आयोजित करना ही पलामू की उपलब्धियों में से एक उपलब्धि है। मौके पर उपस्थित होटल क्राउन प्लाजा के प्रोपरायटर एन बी सिंह व युवा समाजसेवी प्रदीप नारायण सिंह ने बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं संप्रेषित किया। टैलेंट शो के सेक्रेटरी सूर्यकांत कुमार ने मीडिया को बताया की प्रतिभागियों को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से इस रियलिटी शोज का प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।

**450 प्रतिभागियों में लिया भाग :** टैलेंट शो की सीजन 5 की तीन राउंड विभिन्न स्थानों में ऑडिशन व ग्रैंड ऑडिशन राउंड आयोजित की गई थी । जिसमें से 450 प्रतिभागियों का चयन कर स्थानीय टाउन हॉल में एलिमिनेशन राउंड कराया गया है । जिसमें से हर एक प्रतियोगिता में से 5 - 5 बच्चों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया जाएगा।

## वरदान ट्रस्ट ने धूमधाम से बाल दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर सरकारी स्कूल के सैकड़ों बच्चों के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल, कट्टर, इरेजर, कलर, टॉफी, बिस्किट, मिक्सचर आदि का वितरण किया गया। जिसे पाकर बच्चे बेहद खुश हुए! सर्वप्रथम संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बच्चों से आज के दिन के महत्व के बारे में पूछा और पूरी टीम के साथ मिलकर बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । तत्पश्चात मन्नत सिंह बग्गा ने बच्चों को वीर बाल दिवस के विषय में बताया जो कि 26 दिसम्बर को मनाया जाता है। साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी बच्चों से किए गए और बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने, अनुशासन में रहने एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंजू शर्मा ने बच्चों को स्वच्छता पर विशेष जोर देने के लिए कहा ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। कुछ बच्चों ने नृत्य करके अपनी कला का प्रदर्शन किया । तत्पश्चात टीम के सदस्यों ने सामूहिक रूप से बच्चों को पेंटिंग, खेल, एवं सिंगिंग प्रतियोगिता शीघ्र ही आयोजित करने का वादा कर-के अलविदा कहा। सभी बच्चे बेहद खुश हुए और पूरी टीम का बच्चों ने शुक्रिया अदा की ।

### मां शारदा स्कूल में मना बाल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मां शारदा पब्लिक स्कूल एमएसपीएस निमिया में सोमवार को बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर विद्यालय के चेयरमैन शशिकांत कुमार, निर्देशिका आशा देवी एवं प्राचार्य चंदा दुबे ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर दीप जलाया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अनेक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसका पुरस्कार वितरण 16 नवंबर को किया जाएगा।

## पंडित नेहरू चाहते थे पूरे विश्व में शांति : श्याम नारायण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग की डालटेनगंज नगर इकाई के तत्वाधान में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती कचहरी स्थित होटल नैन प्रिती में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के नगर अध्यक्ष रामनरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन पूर्व प्रदेश सचिव श्याम नारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में नेहरू जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता बताया । उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू जहां एक तरफ स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे । वहीं दूसरी तरफ आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कतिपय ऐसे कार्य किए जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

# नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज, आरओ व एआरओ की हुई प्रतिनियुक्ति

## सुरजीत कुमार सिंह बने मेयर पद के आरओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग अब किसी भी वक्त निकाय चुनाव की तिथियों की घोषणा कर सकता है। इसी के साथ पलामू जिले में निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी है। पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ए. दोड्डे ने मेदिनीनगर नगर निगम के लिए निवार्ची पदाधिकारियों (आरओ) और सहायक निवार्ची पदाधिकारियों ( एआरओ) को प्रतिनियुक्त कर दिया है। महापौर पद के लिए अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को आरओ जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू को एआरओ बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड न. 1 से 7 तक के आरओ मेदिनीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकरी अमिताभ भगत बनाये गये हैं । जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सह नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के अंचल अधिकारी चन्द्रशेखर कुणाल को एआरओ बनाया गया है। वार्ड संख्या 8 से 14 तक के निवार्ची पदाधिकारी सदर सीओ झुन्नु कुमार मिश्रा को बनाया गया है । जबकि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर सहायक निवार्ची पदाधिकारी होंगे। वार्ड संख्या 15 से 21 के लिए चैनपुर बीडीओ गिरिवर मिंज को आरओ जबकि लघु सिंचाई प्रमंडल मेदिनीनगर के सहायक अभियंता दुर्गेश पांडेय को एआरओ बनाया गया है। वार्ड संख्या 22 से 28 तक के लिए आरओ की जिम्मेवारी चैनपुर के सीओ संजय कुमार बाखला को दी गयी है। जबकि सतबरबा सीओ प्रशांत कुमार को एआरओ बनाया गया है। वार्ड संख्या 29 से 35 तक के लिए रामगढ़ के बीडीओ पार्थ नंदन को आरओ और ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू के सहायक अभियंता आनंद कुमार तिवारी को एआरओ बनाया गया है। विश्रामपुर नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह को आरओ और कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद को एआरओ बनाया गया है। नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 7 तक के आरओ विश्रामपुर के बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम और एआरओ सहायक अभियंता मिथिलेश कुमार, वार्ड संख्या 8 से 14 तक के लिए पांडु के बीडीओ राहुल उरांव और एआरओ सहायक अभियंता सतीश कुमार सिंह, वार्ड संख्या 15 से 20 के लिए उंटारी रोड के बीडीओ ललित राम को आरओ तथा सहायक अभियंता सुजीत कुमार भगत को एआरओ बनाया गया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए हुसैनाबाद के एसडीओ कमलेश नारायण को आरओ और मोहम्मदगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा को एआरओ बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड संख्या 1 से 8 तक के लिए हुसैनाबाद के बीडीओ रतन कुमार सिंह को आरओ और सहायक अभियंता मुकुंद उरांव को एआरओ, वार्ड 9 से 16 तक के लिए हुसैनाबाद के सीओ नन्द कुमार राम आरओ और सहायक अभियंता बलराम सिंह को एआरओ बनाया गया है। इसी प्रकार हरिहरगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए पलामू के जिला आपूर्ति पदाधिकारी मो. शब्बीर अहमद को आरओ और हैदरनगर के अंचल अधिकारी राजीव नीरज को एआरओ बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड 1-8 तक के लिए हरिहरगंज के सीओ वासुदेव राय को आरओ तथा सहायक अभियंता हरेराम सिंह को एआरओ, वार्ड 9 से 16 तक के लिए पीपरा की बीडीओ अनिता केरकेट्टा को आरओ तथा प्राक्कलन पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रेम कुमार महतो को एआरओ बनाया गया है। छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए आरओ छतरपुर के एसडीओ नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता जबकि नौडीहा बाजार के बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल को एआरओ बनाया गया है। छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड 1-8 तक के लिए आरओ छतरपुर के बीडीओ अशोक कुमार को और एआरओ नावाबाजार के बीडीओ अमीर हम्जा को बनाया गया है। वार्ड 9-16 के आरओ छतरपुर के सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी और एआरओ सहायक अभियंता नागेन्द्र कुमार शुक्ला को बनाया गया है। इसके अलावा वार्डों का आरक्षण रोस्टर भी जारी कर दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### राह भटककर वृद्ध पहुंचा चितरी स्थित बालू डम्पिंग यार्ड

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु पंचायत स्थित चितरी में एक अनजान एक वृद्ध राह भटक कर आ गया है। जो बालू डम्पिंग यार्ड के समीप खुले आसमान के निचे कडकडती ठंड में रह रहा है। जिसपर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राधिका देवी को नजर पड़ते ही एवं मानवता का परिचय देते हुए वृद्ध को भोजन करवाई लेकिन वह वृद्ध वहां से कहीं नही जा रहा है। और रात के समय आम पेड़ के नीचे बालू डंपिंग यार्ड में ही बसर कर रहा है। जिसकी सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकान्त को दिया गया। अनजान वृद्ध के क्षेत्र में होने की सूचना पर वैकल्पिक व्यवस्था में प्रशासन जुट गई। वृद्ध व्यक्ति से पूछे जाने पर टूटी फूटी हिंदी भाषा में अपना घर कुरुडोल जिला अंगूर छत्तीसगढ़ एवं नाम कांति रंजन प्रधान उर्फ मुन्ना प्रधान बता रहा है। थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति के घर का पता लगाया जा रहा है। जैसे ही जानकारी प्राप्त होती है। तो उसके परिजनों को बुला कर सुपुर्द किया जाएगा।

### तसर विभाग से काम कर पति के नहीं लौटने पर पत्नी ने करवाया सनहा दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी टंगरा टोली निवासी चन्दरु उरांव के लापता होने की सूचना लोहरदगा थाना को देते हुए पत्नी शांति उरांव ने करवाई सनहा दर्ज। प्रशासन से लगाई मदद की गुहार। बताया जाता है कि 9 नवम्बर को अपने निवास स्थान एकागुड़ी से चन्दरु उराँव काम करने के लिए लोहरदगा रियाडा रोड स्थित तसर विभाग में गया था। जो देर रात तक घर नही लौटा जिसके बाद पत्नी शांति उरांव अपने रिश्तेदार एवं सगे संबन्धी में खोजबीन करने लगी लेकिन चन्दरु उरांव का सुराग नही मिलने पर लोहरदगा थाना को आवेदन देते हुए लापता का सनहा दर्ज कराते हुए मदद की गुहार लगाई है। लापता चन्दरु उरांव का रंग गेहुंआ ऊँचाई 5 फिट 4 इंच पहनावा भूरा शर्ट हरा पैट पैर में हवाई चप्पल बाल काला बताया जा रहा है। इस व्यक्ति के बारे में किसी सजन व्यक्ति को जानकारी हो या कहि दिखाई देने पर स्थानीय थाना को सूचना कर सहयोग करने का अपील किया गया है।

### नियोजनालय कार्यालय में भर्ती कैंप कल

**लोहरदगा।** जिला नियोजनालय कार्यालय, लोहरदगा द्वारा कल जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में ही भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में स्किल ट्रेनिंग पद के लिए भर्ती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18-35 वर्ष की आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं वे निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैंप में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02 कॉपी, चार फोटो के साथ साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। साक्षात्कार सुबह 10 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित हैं उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। आवेदक का आईटीआई पास या डीएमई/बीई होना आवश्यक है। कुल पद 262 हैं। इस कैंप में असही इंडिया पनवेल मुंबई, रूचा इंजीनियरिंग औरंगाबाद, बदवे इंजीनियरिंग नांदुर पुणे, बदवे इंजीनियरिंग भामोली पुणे और रूचा इंजीनियरिंग म्हायसुर कर्नाटक नियोक्ता कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला नियोजनालय कार्यालय,। लोहरदगा के पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह द्वारा दी गई।

### संत जॉन्स स्कूल इंग्लिश मीडियम फरसा बेड़ा में बाल दिवस मनाया

**सिमडेगा।** संत जोन्स स्कूल इंग्लिश मीडियम फरसाबेडा में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर योगा ताइक्वांडो एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौके पर विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रवीण तिवारी और स्कूल प्रबंधन विक्टर केरकेट्टा फादर सुधीर टेटे ओसीडी एवं फादर विजय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व जवाहरलाल नेहरू की चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। योग प्रशिक्षण में मोनू पटेल ताईक्वांडो में गजानंद तांती के द्वारा बच्चों को योगा मार्शल आर्ट एवं बच्चियों को विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा की विशेष प्रशिक्षण दी गई। खेल प्रतियोगिता में बिस्किट रेस, बैलून रेस, मेंढक रेस,100, 200 मीटर रेस, रिले रेस, रस्साकशी, संगीत इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रम सा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय परिवार का सहयोग था।

### पोगोलोया मैदान करंट लगने से डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के एडेगा पंचायत के पोगोलोया मैदान में सोमवार को दोपहर लगभग चार बजे बिजली करंट से एक डेढ़ वर्षीय बच्चें की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोलेबिरा प्रखंड के एडेगा पंचायत के पोगोलोया गंझुटोली निवासी चंद्रभान सिंह के पुत्र सचिन कुमार सिंह अपने पिता के साथ पोगोलोया स्कूल के समीप मैदान में रौतिया समाज के द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट देखने आए थे इसी क्रम में खेल मैदान के करीब बिजली के खंभे के पास खेल रहा था। इसी क्रम में बिजली तार के चपेट में आने से उक्त बालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।परिजनों द्वारा इलाज के लिए हॉस्पिटल लाने के क्रम में उक्त बच्चे ने दम तोड़ दिया इधर बच्चे की मौत पर परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है वही बच्चे की मां का निधन एक वर्ष पूर्व हुआ एवं डेढ़ वर्षीय सचिन अपने पिता का एकलौती संतान था।

### बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया आम्बाटोली में सोमवार को बिजली तार की चपेट में आने से कुम्हरिया अम्बाटोली निवासी स्व0 अमानत अंसारी की 17 वर्षीय पुत्री फरजाना खातून की मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। मौके पर भंडरा पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह फरजाना खातून जलावन के लिए अपनी सहेलियों के साथ लकड़ी चुनने गई थी लकड़ी चुनकर घर लौटने के दौरान खेत में पटवन के लगे तार की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर भंडरा पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### बानो स्थित मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया फ्रेशर डे

**बानो।** मदर टेरेसा कालेज ऑफ नर्सिंग बानो में फ्रेशर डे का आयोजन किया गया जिसमें नये सत्र 2022 के ए.एन.एम एवं जी.एन.एम छात्राओं का स्वागत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में एक से बढ़कर नृत्य पेश किए गए। प्राचार्या संगीता कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा का भाव है। इस स्कूल ने कुल पंद्रह स्टेट टापर छात्राओं ने पूरे राज्य में अपना परचम लहराया है। आप सब भी टापर बनें ऐसी आशा है। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने सभी फ्रेशर छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की सुखद कामना की। कार्यक्रम में सचिव निभा मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर लक्ष्मण अग्रवाल, ट्यूटर प्रभा सुरीन नूतन किड़ो ने भी संबोधित किया। अलविना तोपनो, कुमुदनी कुमारी, लीलावती साहू ,बिनीता कुमारी,रश्मी, सालो कुमारी , प्रवीण कुमार एवं सभी छात्राएं मौजूद थीं। मंच का संचालन कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ने किया।

---

भटखिजरी पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा-

# सफल रहा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि राज्य सरकार के निदेश पर सभी पंचायतों में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सफल रहा। आज आखिरी दिन है। कुल प्राप्त आवेदनों में से लगभग 66 प्रतिशत से अधिक आवेदन अब तक निष्पादित कर लिये गये हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम चलाया गया जिसमें लोगों को सीधे पदाधिकारियों से जुड़ने का मौका मिला। लोग इस महाअभियान से जुड़ते चले गये और उनकी समस्याओं का निष्पादन होता चला गया। बाकी बचे हुए आवेदनों का भी निष्पादन शीघ्र हो जायेगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर युवाओं को स्वयं के साथ अन्य को भी रोजगार देने की अपील की।उक्त बातें उपायुक्त ने भटखिजरी पंचायत स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कही।

#### योजनाओं का उद्घाटन

उपायुक्त द्वारा इस मौके पर मनरेगा अंतर्गत कुल 20 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। पांच किशोरियों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, केसीसी योजना समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु लोगों से अपील की। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, प्रमुख सुनीता कच्छप, उप प्रमुख दीपिका लकड़ा, मुखिया मनीषा कुजूर, पंचायत समिति सदस्य जयमंती उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिरसा मुण्डा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को आगामी 15 नवंबर 2022 को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती-सह-राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर मैदान में आयोजित होने वाले विकास मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों लेकर एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य मंच की बनावट, विभिन्न विभागों के स्टॉल, अतिथियों/लाभुक/आमजनों के बैठने की व्यवस्था, अतिथियों व दर्शकों के सम्मुख लगनेवाले स्क्रीन, चलंत शौचालय, युवा वॉलेंटियर्स की व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिसंपत्तियों का वितरण संबंधी विषयों पर चर्चा हुई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, गोपनीय प्रभारी नारायण राम, डीपीओ अरूण कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना जिला समन्वयक केके गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में बाल दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में बाल दिवस पर पीटी शिक्षक बाल्मीकि सिंह व अमित कुमार सिंह तथा सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश पाठक द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। पूरे भारतवर्ष में हर वर्ष 14 नवंबर को चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है । चाचा नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे उन्हें बच्चों से अत्यधिक स्नेह था। आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं इसलिए हमारा यह कर्तव्य है कि हम उन्हें अपने गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत करवाते हुए उज्जवल भविष्य हेतु तैयार करें। बाल दिवस के अवसर पर चाचा नेहरू को सम्मानित करने हेतु इस दिवस को उत्सव रूप में मनाया जाता है। शिक्षक पीके सिंहा द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ चाचा नेहरू की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्जन कर किया गया। बच्चों के मध्य चॉकलेट वितरण हुआ। विद्यार्थी अनुराग मिश्रा व वैभव गुप्ता द्वारा प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने सभा को संबोधित करते हुए चाचा नेहरू के महान व्यक्तित्व,देश के प्रति उनका त्याग और योगदान तथा बच्चों के प्रति उनके अपार स्नेह से बच्चों को अवगत करवाते हुए देश के लिए बच्चों के महत्व व उनके विकास के विविध आयामों को बताया। तत्पश्चात छोटी बच्चियों द्वारा आकर्षक, मनोरंजक व प्रेरणादायक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बच्चों के मनोरंजन हेतु तरह-तरह के खेल आयोजित किए गए जिसमें टॉफी रेस, थ्री लेग रेस, रिले रेस, कबड्डी व खो-खो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जूनियर डीएवी में भी बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए बैग लेस दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को रोजाना की दिनचर्या से हटकर कलरफुल ड्रेस पहन कर लंच,वाटर बोतल, चार्ट पेपर, कलर पेंसिल इत्यादि लाना था तथा घर से जेलीफिश, नेहरू जी की टोपी व गुलाब का फूल सीख कर विद्यालय में इसे बनाना था साथ ही नन्हे बच्चों के मध्य टॉफी रेस, म्यूजिकल चेयर, संगीत व नृत्य, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विद्यालय प्रांगण में बाल दिवस की अवसर पर बच्चों में काफी उत्साह व खुशियां नजर आईं।

### कैरो के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया



**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए, इसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित हेवेन पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न आकर्षक एवं मोहक कविताओं से सबको भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों में स्नेह की भावना पैदा करता है। उन्होंने बताया कि हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। बाल दिवस बच्चों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान उपस्थित लोगों व स्कूली बच्चों को जादूगर पासा कुमार ने अपने जादू के करतब दिखाकर उनका मनोरंजन किया। इस मौके पर प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी, अफरोज खान, अनिता शिंकू, आशीष कुमार, चंचला कुमारी, निखत प्रवीन, दीपेश्वर पांडे, मनोज कुमार, अलमुल होदा, राजू प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में मनायी गयी बिरसा मुंडा की जयंती

## जनजाति गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के पूर्व संध्या पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों की सहभागिता रही। इस प्रतियोगिता में कक्षा पंचम की बहन सृष्टि भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा पंचम के भैया सूर्यांश कुमार द्वितीय तथा कक्षा तृतीय की बहन पीहू कुमारी तृतीय स्थान पर रही ।सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विद्यालय के आचार्य अशोक प्रसाद साहू, गणेश प्रसाद साहू एवं सुनीता कुमारी थी। गणेश जीने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन भैया बहनों के समक्ष किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य महेंद्र कुमार मिश्र, मीनाक्षी, दिव्या, लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, प्रमोद कुमार साहू, नंद किशोर साहू, जगदीश पांडे आदि उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस की स्थिति, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं के निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने किया कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी में उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुवे करकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाते हुए आज हम लोग अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं पंडित नेहरू भारत के ऐतिहासिक महापुरुष थे जिनका प्रभाव पूरे विश्व में था स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी से प्रभावित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई चाहे वह असहयोग आंदोलन हो या नमक सत्याग्रह आंदोलन हो किसानों को संगठित कर किसान मोर्चा का गठन हो या 1942 का असहयोग आंदोलन पंडित नेहरू साइमन कमीशन का भी जबरदस्त विरोध किया था नतीजा में उन्हें लाठी भी खानी पड़ी थी ,आजादी की लड़ाई में पंडित नेहरू का 9 बार जेल जाना और एक लंबा अंतराल जेल में गुजारना हम कांग्रेसियों के लिए प्रेरणादायक है। सन 1947 में बिखरे हुए भारत को एक राष्ट्र एक संविधान को मूर्त रूप देने में पंडित नेहरू का योगदान अग्रणी रहा है स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने का भी उन्हें गौरव प्राप्त हुआ तकरीबन 17 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया इस दरमियान आर्थिक रूप से काफी पिछड़े देश को गरीबी भुखमरी अशिक्षा और बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए इसीलिए पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता भी कहा जाता है इन्हीं के कार्यकाल में औद्योगिक क्रांति हुई देश के अंदर बड़े-बड़े कल कारखाने और सिंचाई के लिए बड़े-बड़े डैम का निर्माण हुआ। आधारभूत संरचनाएं विकसित हुई। पंडित नेहरू ने देश को गढ़ने का काम किए लेकिन अफसोस है आज के प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा वैसे संस्थानों प्रतिष्ठानों और सरकारी संपत्तियों को बेचने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शकील अहमद निशिथ जायसवाल सलीम अंसारी बड़े, तनवीर गौहर, शंभू प्रजापति, परवेज सिद्दीकी, सुशीला देवी अमृता उरांव, संगीता उरांव, राजमणि उरांव, संतोषी उरांव, प्यारी उराव, इस्राफील अंसारी, बिल्ला एवं मदन प्रसाद समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# चाहे जितनी भी बाधाएं आये, बच्चों की शानदार और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए करते रहेंगे काम : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय ननेसेरा में स्पोर्ट डे का आयोजन हुआ। बाल दिवस के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि प्यारे बच्चों! आप सभी को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी सदा हंसते रहें, खेलते रहें, संवरते रहें और निखरते रहें। उन्होंने कहा कि चाहे जितनी भी बाधाएं आए, बच्चों की शानदार व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए काम करता रहूँगा। क्योंकि बच्चों की हंसी, खुशी ही हमारी तरक्क ी का स्तर तय करती है।



विधायक पं जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाल दिवस के मौके पर हम अपने राष्ट्र के लिए उनके योगदान को भी याद करें। उनके जीवन से प्रेरणा लें। और चाचा नेहरू की तरह बच्चों से प्यार करें। उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील की। साथ ही कहा बच्चे अभी से ही लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जुगल किशोर लकड़ा,फादर ऊसार कछुआ,एचएम फादर रोशन टोप्पो,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की,प्रमिला कुजूर, सोसन खेस,ज्योति किंडो, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू,अमित तिर्की,कृष्णा मांझी,बन्नू, जॉनी आदि उपस्थित थे।

### ओबीसी आरक्षण विधेयक पर तेली समाज के लोगों ने भूषण बाड़ा को बुके देकर जताया आभार

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित हो जाने पर छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक भूषण बाड़ा को बुके देकर धन्यवाद देते हुए बधाई दी। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदाशन नाग और जिलाध्यक्ष हरिशंकर साव के नेतृत्व में विधायक से मुलाकात करते हुए समाज के लोगों ने सरकार के प्रति भी आभार जताया। समाज के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आज हेमन्त सोरेन की सरकार ने उनकी बहुत पुरानी मांग को पूरा कर बता दिया कि सरकार सभी समुदाय के लोगों के विकास के लिए संकल्पित है। समाज के लोगों ने स्थानीयता के लिए 1932 खातियान विधेयक पारित करने के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज मूलवासियों की जीत हुई है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से समाज के लोगों को काफी फायदा होगा। कई क्षेत्र में समाज के लोग आगे बढ़ेंगे। सीएम हेमन्त सोरेन का यह फैसला ऐतिहासिक और स्वागत योग्य है।मौके पर केंद्रीय अध्यश उदाशन नाग, जिला सिमड़ेगा जगदीश साहू गुमला जिला अध्यछ श्याम सुंदर साहू सिमड़ेगा प्रखंड अध्यछ जोहर साहू, सिमड़ेगा जिला सचिव तुलसी साहू, टी टाँगर प्रखंड अध्यछ फगुवा साहू, बांसजोर प्रखंड अध्यछ हरिशंकर साहू, केरसई साहू समाज के धीरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

बाल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों को दें भावपूर्ण सम्मान : डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा नयी दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार आउटरीच से सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बाल दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें मुख्य कार्यक्रम पावरगंज स्थित गिरवर शिशु सदन लोहरदगा विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा की बच्चे देश के भविष्य होते हैं। अतः बच्चों को निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। दुविधा की स्थिति में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उनका सबसे अच्छा गाइड हो सकती है। उन्होंने शिक्षकों से आवाह्न किया कि बच्चों के विषय को मनोरंजक ढंग से पढ़ाएं और बच्चों को भावपूर्ण सम्मान दें। ताकि उनमें आत्मविश्वास जागृत हो। कार्यक्रम के दौरान एक सौ से ज्यादा छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं कई जिज्ञासाओं एवं कानूनी प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका जयमंती कुमारी, पीएलवी दिलीप कुमार साहू, गौतम लेनिन, रोहित कुमार, अनामिका भारती, सरस्वती सिंह, अर्पणा सिन्हा, उमा मिश्रा, कंचन मेहता, काजल साहू, सिद्दीका प्रवीण, संगीता वर्मा, डोरोथी खलखो, कविता शर्मा, सविता कुमारी, सुमन लकड़ा, आशा दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### बाल दिवस पर पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया गया

**बरवाडीह।** निलंबर पीतांबर विद्या मंदिर जमटिया जुरूहार छिपादोहार में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे प्रियांशु कुमार समेत विद्यालय केसभी बच्चों द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर दीप जलाकर उन्हें याद किया गया। इसके उपरांत के केक काटा पंडित जी की जयंती मनाई गई। लोगो ने एक दूसरे को केक खिलाया। कार्यक्रम में पंडित जवाहर लाल के जयंती पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी से शिक्षा प्राप्त करने का सुझाव विद्या मंदिर के संस्थापक देवनाथ सिंह खरवार ने दिए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी से सीख लेने की शिक्षा दिया। उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी पंडित जवाहरलाल नेहरु की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष सविता देवी, छात्रावास प्रमुख कृष्णा किशोर सिंह, काजल कुमारी, कृपा कुमारी, अमृता देवी आदि ने भाग लिया भाग लिया।

### बालुमाथ स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान मे 29 महिलाओं की हुई नसबंदी

**लातेहार।** जिले के बालुमाथ मे आज स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान मे प्रखंड क्षेत्र से आए 30 महिलाओं का नसबंदी के रजिस्ट्रेशन किया गया सभी महिलाओं के जांच कर एक महिला को छोडकर 29 महिलाओं का नसबंदी लातेहार सदर अस्पताल के महिला चिकित्सक डॉक्टर सीमा रानी द्वारा किया गया इस नसबंदी शिविर मे अवस्था देखा गया परिजन बाहर दुकान से दवा खरीदारी करते देखे गया इस ठंढ मे बेड के अभाव मे रोगी फर्श मे सोए दिखे। शिविर मे मुख्य रुप से बालुमाथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पुरूषोत्तम कुमार,ओटी अस्सिटेंट मोहम्मद मजहर आलम ए एन एम बिमला कुमारी, रिता कुमारी, जयरानी कुमारी के अलावा स्वास्थ्य कर्मी राधा, उमा, शांति मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर में दो घायल

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के सत्यम कंप्लेक्स के समीप सोमवार को दो बाइक के आमने सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान डेमू पंचायत के अलकडीहा गांव निवासी संजय कुमार सिंह उम्र 23 वर्ष व निंदिर गांव निवासी मिथलेश यादव उम्र 33 वर्ष के रूप में की गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सदर अस्पताल लातेहार पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डा. अखिलेश्वर प्रसाद ने प्राथमिक उपचार कर मिथिलेश यादव को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मिथिलेश यादव स्वास्थ्य विभाग लातेहार में बहुद्देशीय कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत है। वे अपनी ड्यूटी से मननचोटांग से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा में आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बीडीओ ने की मनरेगा कर्मियों संग बैठक, अधूरे कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा पंचायतवार करते हुए वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान के साथ अधूरे योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश रोजगार सेवकों को दिया। उन्होंने बताया की वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रखंड के गिद्धौर, द्वारी, पहरा, मंझगांवा व बारिसाखी पंचायत में एक-एक खेल मैदान के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिसमें समतली करन के साथ शौचालय, महिला पुरुष के लिए चेंजिंग रूम व गोल पोस्ट का निर्माण किया जाना है। साथ हीं महिला मजदूरों की भागीदारी बढ़ाने का भी निर्देश देते हुए परिवार के एक सदस्य को कम से कम 100 दिन रोजगार उपलब्ध करने की बात कही। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, एई मनोज कुमार, जेई सचिनदत्त शर्मा, रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित कुमार, टेकनारायण राम, सुनील कुमार, स्वर्णलता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### उड़ीसा के जाजपुर में प्रतापपुर निवासी की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

**प्रतापपुर(चतरा)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमा गांव निवासी आमिर उल्लाह खान उर्फ ननकु खान के 30 वर्षीय पुत्र अनवर खान की मौत उड़ीसा के जजपूर में संदेहास्पद स्थिति में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पेशे से ट्रक ड्राइवर था और जाजपुर एसवीटी कंपनी के ऑडी 16 डी 1024 टेलर का ड्राइवर था। अनवर जिस गाड़ी का ड्राइवर था उसी के केबिन में लगे पंखे से लटका हुआ पाया गया। परिजनों के अनुसार अनवर की शादी लगभग 6 माह पूर्व हुआ था। वहीं मृतक के पिता का कहना है की बेटे की हत्या की गई है। वह बुजदिल नहीं था और संघर्ष से आगे बढ़ा था ऐसे में प्राण त्यागने का सवाल ही नहीं उठता है। मृतक का पार्थिव शरीर सोमवार को गांव पहुंचते हीं शोक की लहर व्याप्त हो गई औश्र लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पांडेयपुरा में फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन

**चतरा/हंटरगंज।** सोमवार को जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा में फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी मृत्यंजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतन सिंह, जयदी सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया किया। इस अवसर पर उद्घाटनकताओं ने बताया कि पांडेयपुरा में फिलिंग स्टेशन खुलने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। वहीं संचालक राजेन्द्र सिंह, अनिल प्रसाद व सुमित कुमार सिंह ने कहा कि यहां गुणवता के साथ सही मापक में कंपनी के मूल्य पर पेट्रोल एवं डिजल दिया जाएगा। मौके पर संतन सिंह डुमरिया, जयदी सिंह, राजेन्द्र सिंह कांग्रेस अध्यक्ष मैगरा, रौशन मांझी डुमरिया, संतन काय भटबिगहा, गुड्डी सिंह, अमित सिंह, जयनेन्द्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह, शशि रंजन, रामु सिंह, अरूण कुमार सिंह, अरूण सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया सुरेश पासवान, संतोष शाह, संजय प्रसाद व रविकांत प्रसाद आदि शामिल थे।

### शिशु विद्या मंदिर में मना बाल दिवस

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित शिशु विद्या मंदिर में बाल दिवस मनाया गया। बाल दिवस की शुरूवात शिक्षकों व बच्चों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्कर्पित कर व दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाआचार्य बिनोद दांगी व संचालक शिक्षक जयप्रकाश दांगी ने किया। इस अवसर पर संगीत, भाषण व कबड्डी क्विज प्रतियोविता आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे चन्द्रदेव प्रसाद, विद्यालय शिक्षक अर्जुन प्रसाद, गोविंद दांगी, प्रविल कुमार, कांति देवी, स्वेता कुमारी, स्वाति कुमारी, सिमा देवी, सास्वत पांडेय, सुनील कुमार सहित बच्चे उपस्थित थे।

---

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# प्रति वर्ष 50 बालिकाओं को प्रशिक्षित कर शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल कर रही संस्था: प्रज्ञा बाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** बाल दिवस पर सोमवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में सचिव प्रज्ञा बाजपेयी द्वारा बालिकाओं का सांस्कृतिक प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। जिसमें स्वंयसेवी संस्था ग्रामोदय चेतना भारती केंद्र में अध्ययनरत बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत झूम-झूम हर कली प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीमति बाजपेयी ने कहा की प्रस्तुतति देने वाली बालिकाएं चतरा के सुदूर अंचलों व गांव के अभिवंचित, विपन्न, असहाय व घोर विपन्नता में रहने वाली हैं। जिन्हे बड़ी मुश्किल से संस्था की सबिता बनर्जी के अथक प्रयासों द्वारा रेस्क्यू कर बुनियादी शिक्षा व व्यवहारिक ज्ञान देकर सभ्य समाज की मुख्य धारा में पूनर्वासित करने का भगीरथ प्रयास किया जा रहा है। 1991 से कार्यरत यह स्वयंसेवी संस्था मूल रुप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता और स्वावलंबन को लेकर कार्य कर रही है। आगे बताया कि प्रति वर्ष 50 बालिकाओं को संस्था शिक्षित व प्रशिक्षित कर आगे शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल करती है। इस अवसर पर मध्य विद्यालय गीता आश्रम के कक्षा चार में अध्ययनरत 8 वर्ष की राधिका दीप ने गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। विभिन्न कलाओं में निपुण राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षक दीपक कुमार की सुपुत्री दीप मात्र 3 वर्ष की उम्र से संगीत साधनारत है। उसके बाद ऋषि के द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। ऋषि 3 साल की उम्र से कत्थक के पंडित भैरू महाराज के नेतृत्व में कत्थक सिखा। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से सिमरन डांस अकादमी की नन्ही बाल कलाकारों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यालय ज्योति विद्या मंदिर डहुरी के ऋषि रंजन कुमार ने अंग्रेजी कविता और शायरी में भाग लिया तथा अल हुदा पब्लिक स्कूल के जोहा शाह कक्षा यूकेजी एवं सूर्या प्रवीण ने अंग्रेजी कविता प्रस्तुत किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी व संबंधित उपस्थित थे।



## टीपीसी संगठन के नाम पर लेवी मांगने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/टंडवा।** टीपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर लगातार कोल कम्पनियों, कोल व्यवसायियों तथा ठेकेदारों से लेवी मांगने वाले तीन अपराधी को पुलिस ने जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ शंभु सिंह के नेतृत्व में की गई। एसडीपीओ श्री सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि लेवी की मांग कर रहे अपराधियों के विरुद्ध पिपरवार थाना कांड संख्या 59/2022 में धारा 385/387/34 एलपीसी एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। और सूचना के आलोक में एसपी के आदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुवे पुलिस टीम ने टीपीसी एरिया कमांडर बिनोद महतो उर्फ मुरारी के दस्ते में शामिल गोवर्धन महतो उर्फ पिंटू पिता जोहर महतो, ललित महतो उर्फ संदीप कुमार पिता बालेश्वर महतो व सुरेन्द्र महतो पिता स्व. लेदु महतो को एक सफेद स्कॉर्पियो, एक लाल काला रंग का बुलेट बाईक व घटना में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल तथा सिम कार्ड के साथ पिपरवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसमें शामिल अन्य के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। टीम में एसडीपीओ के साथ थाना प्रभारी गोविंद कुमार, एसआई रूपेश कुमार महतो, एसआई कन्हैया कुमार यादव, एसआई दिलीप कुमार बास्की व एएसआई उपेंद्र नारायण सिंह आदि शामिल थे।



### नप चुनाव को लेकर उपायुक्त ने बैठक कर दिये कई दिशा-निर्देश, बोले-

# निर्वाचन से संबंधित तैयारी समय पर करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-23 की तैयारियों को लेकर सोमवार को बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन कोषांग सह नियंत्रण कक्ष, कार्मिक कोषांग एवं कम्प्यूटराईजेशन कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग एवं आचार संहिता कोषांग, लेखा व्यय कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, स्वीप कोषांग, प्रेक्षक, पोटोकॉल कोषांग, बैलेट पेपर कोषांग सह ईवीएम कोषांग, संचार मीडिया कोषांग, कम्प्यूटराईजेशन, एसएमएस पर्यवेक्षण एवं संचार योजना कोषांग, बज्रगृह कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग सह शिकायत निवारण कोषांग कि बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि चुनाव हेतु सामग्रियों का आकलन कर क्रय की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें। साथ ही निर्वाचन हेतु कर्मियों का आकलन कर डाटा बेस तैयार करें। नोडल पदाधिकारी वाहन कोषांग को निर्देशित किया कि कुल 42 मतदान केन्द्रों पर दो पदों यथा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के निर्वाचन हेतु वाहन की आवश्यकता का आकलन करें। नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को निर्देशित किया गया कि 42 मतदान केन्द्रों पर दो पदों अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के निर्वाचन हेतु मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण हेतु आवश्यक तैयारी करें। बैठक में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा समेत सभी संबंधित कोषांगो के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।




## प्रतापपुर: पोस्ट ऑफिस में वितीय साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर(चतरा)।** सोमवार को वितीय साक्षारता एवं बीमा शिविर का आयोजन प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर में किया गया। शिविर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड (आईपीपीबी) के तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे आईपीपी बैंक चतरा के शाखा प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा व पोस्ट ऑफिस शाखा प्रबंधक अमरजीत यादव, जीडीएस प्रेम शंकर, कृष्णा मिस्त्री शामिल थे। अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर मे 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का खाता 396 रुपए सलाना व 18 वर्ष से 65 वर्ष के खाताधारी को दस लाख का बीमा का लाभ व पांच वर्ष कम उम्र के बच्चो का आधार बनाया जाएगा। इसके आलाबे किसी भी उम्र के लोगो को आधार में मोबाईल नम्बर अपडेट व लिंक सहित अन्य सुविधाए दी जाएगी। मौके पर रामपुर बीसी प्रेम कुमार, अमरजीत यादव, बल्लू सिन्हा, बालमुकुंद सिंह आदि उपस्थित थे।



### दिल्ली पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**इटखोरी(चतरा)।** प्रखंड के दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज में बाल दिवस के अवसर पर सोमवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू की जन्मदिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उन्नी कृष्णन ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य ने चाचा नेहरू पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम में अनिकेत एवं सौरव कक्षा 8, आंचल 7, राजशेखर 6 बी, निखिल 5 बी, विराट 5 ए, आलोक 5 बी, प्रीति और रानी 4 बी, पलक 1 एवं अन्य बच्चों व शिक्षकों ने भाषण, गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राहुल एवं सोनम ने किया। इस अवसर पर बच्चों को पेन, पेंसिल टॉफी व मिठाई देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### उच्च विद्यालय नावाडीह में पुस्तकालय का किया गया उद्घाटन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह में सोमवार को बाल दिवस पर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य रामसेवक दांगी, पीरामल फाउंडेशन के दीपांशी निगम, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया कंचन देवी, समाजसेवी रामचन्द्र दांगी व प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना गुप्ता ने संयुक्त रुप से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण, गीत, संगीत, नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई। मौके पर समाजसेवी रामचंद्र दांगी ने विद्यालय के सभी बच्चों के बीच कलम वितरण किया।

## आरसीसी ने एलसीए जूनियर को हराया, दिवाकर बने मैन ऑफ द मैच

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्कूली क्रिकेट लीग का तेरहवां मैच में आरसीसी तथा एलसीए जूनियर के बीच खेला गया । जिसमे आर सी सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 156 रन बनाए । जिसमे अनीश अंसारी ने 42 ,प्रणव 29 ताथा रूद्र प्रसाद ने 25 रन का योगदान दिया । एल सी ए ओर से प्रीत रंजन 2 , अमर उरांव 2 ताथा इमदाद ने 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य कि पीछा करने उतरी एल सी ए जूनियर ने निर्धारित ओवर में ही 9विकेट खोकर 152 रन ही बना पाई। जिसमे अंकित राज 45 ताथा प्रीत रंजन ने 42 रन का योगदान दिया। आर सी सी की ओर से दिवाकर कुमार राय ने 4 विकेट चटकाए । मैच के अंपायर समरेश बादल ताथा धीरेन्द्र सिंह सुरवार थे जबकि स्कोरिंग रौनक दुबे ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अधिवक्ता धीरेन्द्र कुमार शुक्ला के द्वारा आरसीसी के दिवाकर कुमार राय को दिया गया। वही चौदहवां मैच एलपीएस ताथा एलसीए सीनियर के बीच खेला गया। एलपीएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट के नुकसान पर महज 41 रन ही बनाया। जिसमे अंश कुमार 14 रन का योगदान दिया। एल सी ए की ओर से अतुल कुमार गुप्ता 4, अमित कुमार ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी एल सी ए सीनियर ने एक विकेट खोकर 5ओवर में ही 43 रन बना कर मैच को जीत लिया। एल पी एस की ओर से अंश कुमार सिंह ने एक विकेट लिया। मैच के अंपायर अंकित गौरव ताथा प्रतीक आनंद थे जबकि स्कोरिंग शाहील ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व अंपायर जितेंद्र कुमार के द्वारा एल सी ए सीनियर के अतुल कुमार गुप्ता दिया गया । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह , श्रवण महली ,प्रतीक आनंद , समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-2023 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-2023 के सफल संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी कोषांग आपसी समन्वय के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। सभी वरीय पदाधिकारी अपने अपने कोषांगों की बैठक कर उससे संबंधित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग, सामग्री कोषांग और प्रशिक्षण कोषांग से संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इलेक्शन मोड में कार्य करना शुरू कर दें। विदित हो कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु कुल 12 कोषांगों का गठन करते हुए पदाधिकारियों की जिम्मेवारियां तय की गई एंव आवाश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार वर्मा, परियोजना निदेशक श्री विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार श्री शेखर कुमार, डीएसपी डॉ कैलाश करमाली, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बंधन लांग, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों, नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



### भोला शरण डीएवी विद्यालय में मना चाचा नेहरू दिवस

# पंडित नेहरू के जीवनी से बच्चों को कराया गया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्थानीय भोला शरण डी ए वी पब्लिक स्कूल,लातेहार में स्वतंत्र भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री प्रभात रंजन ने विद्यालय के शिक्षक और नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पांजली एवं दीप प्रज्वलित किया । आज के कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा ने एक कविता 'जमीं के सितारे' प्रस्तुत किया । विद्यालय के शिक्षक श्री अरुण कुमार पांडेय ,श्री सुशील कुमार दुबे और शिक्षिका श्रीमती शकुंतला पाल ने बच्चों के सामने पं. नेहरू के जीवन वृत्त को प्रस्तुत किया और भारत देश के लिए उनके अमूल्य योगदान की चर्चा की। तत्पश्चात सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में विद्यालय के छात्र शिवम, छात्रा समृद्धि मिश्रा, वंशिका कश्यप और साक्षी ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया । कोमल, तृषा, अनन्या, नंदिनी, शानवी, शिवानी, कृति, आयुषी, साहिना, सौम्या, सोनाक्षी सहित कई विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर को कैरिकुलर एक्टिविटी के अंतर्गत चाचा नेहरू विषय पर निबंध लेखन ,भाषण ,पोरट्रेट मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को आज उपहार और प्रमाण पत्र भी दिया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सैकड़ों बच्चों के बीच चॉक्लेट्स भी बांटे गए।

बच्चों में आज के इस अवसर को लेकर काफी रोमांच और खुशी देखा गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य श्री प्रभात रंजन ने उपस्थित विद्यालय परिवार को नेहरू जी का भारत देश के प्रति त्याग,बलिदान,समर्पण, और उनकी कार्यप्रणाली, आत्म-शक्ति आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठता को बतलाया। उन्होंने बच्चों को बतलाया कि नेहरू जी को बच्चे और बच्चों को चाचा नेहरू बहुत पसंद थे। इसलिए ही आज का दिन चाचा नेहरू दिवस के रूप में हम सभी मनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकायें,बच्चे एवम कर्मचारी उपस्थित थे ।




## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त कर चालक को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने रविवार के मध्यरात्रि को थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद को गुप्त सूचना मिली की चमातु कोलियरी से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर गणेशपुर मनसिधा मार्ग से गुजरने वाली है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी करवाई करते हुए अमरवाडीह पिकेट में तैनात स०अ०नि० मोख्तार अंसारी को निर्देश देते हुए पुलिस बल के साथ गणेशपुर-मनसिंधा मार्ग में छापामारी की गई। जिसमे ओकिया ग्राम के पास चालक सहित अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। इस सम्बन्ध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 216/22 के धारा379/ 411/414/34/IPC 30(!!) तहत मामला दर्ज करते हुए चालक को लातेहार जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार ट्रेकटर चालक योगेन्द्र यादव पिता मनपुरण यादव ग्राम मनसिंघा थाना बालुमाथ का रहने वाला है। इस संबंध थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की जप्त ट्रैक्टर नंबर XJH 08 इ-9618 में लगभग दो टन के करीब कोयला लदा है। इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद अमरवाडीह पिकेट से स०अ०नि० मोख्तार अंसारी तथा अमरवाडीह पिकेट के जवान शामिल थे।



सम्पादक की कलम से...

# राष्ट्रपति प्रोग्राम में कटौती क्यों?

**झारखंड** स्थापना दिवस आज है। बीते 2 नवंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया था, जोहार, माननीय भारत की राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आपका अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार। वीर शहीदों की धरती पर आपका हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति का जो कार्यक्रम तय हुआ था, उसके मुताबिक उन्हें 14 नवंबर यानी सोमवार को सबसे पहले देवघर और फिर रांची पहुंचना था। बिरसा की जन्मभूमि उलिहातू जाने के अलावा उन्हें झारखंड स्थापना दिवस पर राजकीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेना था। इसे लेकर तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही थीं। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक तक का रिहर्सल चल रहा था। लेकिन, ताजा सूचना के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 नवंबर को रांची आयेंगी। वह एयरपोर्ट से ही भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू तो जायेंगी, लेकिन झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर होनेवाले कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगी। वीवीआईपी के कार्यक्रम में अक्सर अंतिम क्षणों में तब्दीलियां आती हैं और इसे सामान्य तौर पर लिया जाता है। लेकिन इस बार राष्ट्रपति के कार्यक्रम में जो तब्दीली हुई है, उसके पीछे की वजहों पर राज्य में ब्यूरोक्रेसी से लेकर राजनीतिक हलके तक में तरह-तरह की चर्चा हो रही है. आइये, इन वजहों और चचाओं को समझते हैं। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए भेजे गए समन को राष्ट्रपति के कार्यक्रम में तब्दीली की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। ईडी की तरफ से बीते एक नवंबर को सीएम हेमंत सोरेन को समन भेजा गया था। वजह खनन घोटाले में पूछताछ थी। लेकिन सीएम हेमंत ने तीन सप्ताह का वक्त मांगा और अपनी व्यस्तता मीडिया के जरिये जारी की। लेकिन ईडी की तरफ से सीएम हेमंत को दोबारा से समन जारी किया गया और उन्हें 17 नवंबर को दोबारा से ईडी कार्यालय बुलाने के लिए समन जारी किया गया। राष्ट्रपति स्थापना समारोह में शामिल होती तो उन्हें सीएम हेमंत सोरेन के साथ मंच साझा करना होता। हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से दोबारा समन भेजे जाने से जैसे हालात झारखंड में हैं, वैसे माहौल में राष्ट्रपति के लिए हेमंत सोरेन के साथ मंच साझा करना शायद उचित नहीं समझा गया। दूसरी बात यह कि छह मई यानी जिस दिन ईडी ने झारखंड में अपना पहला रेड किया, उसी दिन से सीएम हेमंत सोरेन गाहे-बगाहे केंद्र पर निशाना साधते रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते रहे हैं। खास कर एक नवंबर के बाद जब ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी किया, उसके बाद से आपकी योजना, आपकी सरकार के कार्यक्रम या किसी भी मंच से अपनी बात रखते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। यहां तक कि सदन में अपनी बात रखते हुए हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी के खिलाफ बयान दिया। स्थापना दिवस के दिन भी सीएम को झारखंड की जनता को संबोधित करना है। माना जा रहा था कि अगर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में स्थापना दिवस के मंच से हेमंत सोरेन बतौर सीएम केंद्र सरकार के खिलाफ कुछ बोलते तो स्थिति सम्मानजनक नहीं रहती। ऐसे कई मामलों को लेकर समय में परिवर्तन यह बताता है कि आगे सब कुछ ठीक नहीं है।

## आज का इतिहास

**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्ल डिग्री को स्वीकार किया।
**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# कम कार्बन उत्सर्जन पर आधारित विकास के लिए भारत की रणनीति

अब जबकि भारत अपने अमृत काल की ओर बढ़ रहा है, देश की आजादी की यह शताब्दी सतत विकास से जुड़े राष्ट्रीय प्रयासों को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करने का मौका प्रदान करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए बुनियादी सुविधाओं से लैस विकास के इस मील के पत्थर को हासिल करने के लिए ह्यसबका प्रयासह्ल का आह्वान किया है। जबकि मोदी सरकार भारत के आकार के अनुरूप पैमाने पर ही उसकी अर्थव्यवस्था को विस्तारित करने की कोशिश कर रही है, जलवायु परिवर्तन इसके रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों में से एक है।

जलवायु विज्ञान ने इस तथ्य को स्थापित किया है कि वैश्विक सतह के तापमान में वृद्धि संचयी उत्सर्जन की समानुपाती होती है और इस वृद्धि को सीमित करने के लिए ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के वैश्विक उत्सर्जन को एक खास सीमा के भीतर रखने की जरूरत है। उत्सर्जन की इस खास सीमा को वैश्विक कार्बन बजट कहा जाता है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विकसित देशों द्वारा बेहद असंगत तरीके से इस वैश्विक कार्बन बजट के बड़े हिस्सा का उपयोग किया गया है। ग्लोबल वार्मिंग को औद्योगिकीकरण के पूर्व के स्तर के 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए वर्ष 2020 से इस दुनिया के पास 500 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है और ग्लोबल वार्मिंग को दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए 1350 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है।

भारत की जलवायु नीति को इंगित करने वाला प्रमुख सिद्धांत कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास के रास्ते देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बार-बार यह कहा है कि भारत का विकास प्रतिमान स्पष्ट तौर पर विकास और जलवायु कार्रवाई को एक-दूसरे के विरोधाभासी के बजाय एक-दूसरे के पूरक के रूप में देखता है। भारत राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास की दिशा में प्रयासरत है। एक लंबी तटीयरेखा वाले विकासशील देश के रूप में, मानसून में व्यवधान की नाजुकता, आजीविका के लिए कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और जल निकायों पर संभावित प्रभाव, जलवायु की चरम स्थितियों और परिणामी खतरों के अन्य किस्म के जोखिमों के बीच भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण संभावित रूप से विकास का काफी अतिरिक्त बोझ उठाना होगा। फिर भी, एक बड़े राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों, परंपराओं एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए, भारत ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की दीर्घकालिक ग्रीनहाउस गैस के कम उत्सर्जन पर आधारित विकास की दीर्घकालिक रणनीति (एलटी-एलईडीएस) कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले सात प्रमुख बदलावों पर टिकी हुई है। भारत ने पहले ही विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले इन बदलावों को अपनाना शुरू कर दिया है।

विकास के अनुरूप बिजली प्रणालियों द्वारा कम कार्बन उत्सर्जन : औद्योगिक विस्तार को संभव बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए बिजली क्षेत्र का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। इस समय, भारत नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार कर रहा है और ग्रिड को मजबूत कर रहा है। वह कम कार्बन उत्सर्जन वाली अन्य प्रौद्योगिकियों की खोज और/या उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है, मांग-पक्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जीवाश्म ईंधन संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग की ओर बढ़ रहा है। ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में, वह कम कार्बन उत्सर्जन संबंधी सक्षमताओं का आकलन कर रहा है और हरित वर्गीकरण एवं (राष्ट्रीय विकास परिदृश्यों के पूरक के तौर पर) अधिकतम ऊर्जा मिश्रण का निर्धारण कर रहा है।

कम कार्बन उत्सर्जन वाली एकीकृत, कुशल एवं समावेशी परिवहन प्रणाली प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में परिवहन का बहुत बड़ा योगदान है। भारत यात्रियों एवं माल की ढुलाई के लिए परिवहन के साधनों में जरूरी एवं महत्वपूर्ण विस्तार के संदर्भ में कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों पर काम कर रहा है। देश बेहतर ईंधन दक्षता को प्रोत्साहित कर रहा है, स्वच्छ ईंधन को अपनाने की दिशा में एक चरणबद्ध बदलाव को बढ़ावा दे रहा है, सार्वजनिक और परिवहन के कम प्रदूषणकारी साधनों की ओर बहुआयामी बदलाव, परिवहन के विभिन्न साधनों का विद्युतीकरण, मांग पक्ष प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और कुशल परिवहन प्रणालियों को मजबूत कर रहा है।

शहरी डिजाइन में अनुकूलन, इमारतों में ऊर्जा एवं सामग्री संबंधी दक्षता और टिकाऊ शहरीकरण : जब शहरी क्षेत्रों के विकास की बात आती है, तो शहरी डिजाइनों में अनुकूलन से जुड़े उपायों की खोज करना और उन्हें प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। शहरों के विस्तार के संदर्भ में, टिकाऊ शहरी डिजाइन को बढ़ावा देने वाले उपायों के साथ-साथ यह एक प्रमुख फोकस होगा। भारत निर्मित वातावरण और शहरी प्रणालियों में अनुकूलन के उपायों को मुख्यधारा में ला रहा है। वह शहरी नियोजन से संबंधित दिशानिर्देशों, नीतियों एवं उपनियमों में संसाधन दक्षता को बढ़ावा दे रहा है, मौजूदा एवं भविष्य की इमारतों तथा शहरी प्रणालियों में जलवायु के अनुकूल और लचीले भवन डिजाइन, निर्माण और कार्यान्वन को बढ़ावा दे रहा है और संसाधन दक्षता और पानी, ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली नगरपालिका सेवा के वितरण को बढ़ावा दे रहा है।

उत्सर्जन से वृद्धि का संपूर्ण अर्थव्यवस्था में विकास की प्रक्रिया का उत्सर्जन से अलगाव सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने वाली निर्देशित नीतियों के साथ तात्कालिक, मध्यम और दीर्घकालिक अवधि में औद्योगिक विकास हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। नरेन्द्र मोदी सरकार अनौपचारिक क्षेत्र को मान्यता देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास के लिए समुचित प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में, इस तथ्य को जानते हुए कि इनमें बदलाव बेहद मुश्किल भरा काम है, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों का पता लगाया जा रहा है। भारत का ध्यान विनिर्माण क्षेत्र में व्यावहारिक और सुसंगत रूप से प्राकृतिक और जैव-आधारित सामग्रियों के उपयोग, प्रसंस्करण और ईंधन स्विचिंग और विद्युतीकरण के प्रयासों को बढ़ाकर ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता में सुधार लाने, सामग्री दक्षता बढ़ाने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, बेहद मुश्किल बदलाव वाले क्षेत्रों के सतत विकास के लिए विकल्प तलाशने, कम कार्बन उत्सर्जन और एमएसएमई के सतत विकास पर है।

कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने और अन्य इंजीनियरिंग संबंधी समाधान : कार्बन डाइऑक्साइड हटाने का क्षेत्र एक नया क्षेत्र है जिसकी दुनिया भर में खोज की जा रही है और इस पर भारतीय संदर्भ में भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस कदम के लिए नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जलवायु-विशिष्ट वित्त और क्षमता निर्माण के माध्यम से पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत है। फिलहाल, भारत इस कदम के सामाजिक-आर्थिक, आजीविका और इकोसिस्टम संबंधी प्रभावों को कम करने हेतु प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और योजना बना रहा है। संसाधन की गहन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हम सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाले फ्रेमवर्क की भी संभावना तलाश रहे हैं।

सामाजिक-आर्थिक और इकोसिस्टम संबंधी विचारों के अनुरूप वन एवं वनस्पति के आवरण को बढ़ाना : प्राकृतिक संसाधनों की वृद्धि, संसाधनों की विरासत के संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के प्रति भारत की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता इस क्षेत्र की रणनीति को संचालित कर रही है। यह प्रासंगिक जनसंख्या की आजीविका, सामाजिक और सांस्कृतिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी दृष्टिकोण भी होगा।

कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के आर्थिक एवं वित्तीय पहलू : गरीबी उन्मूलन, रोजगार एवं आय में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने और समृद्धि के एक नए स्तर तक पहुंचने की प्राथमिकताओं को देखते हुए, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कम लागत वाला अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त आवश्यक है। भारत वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन कर रहा है, जलवायु विशिष्ट वित्त को जुटा रहा है, विशेष रूप से बहुपक्षीय जलवायु वित्त तक पहुंच रहा है और जलवायु वित्त की मुख्य धारा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के साथ-साथ नए बहुपक्षीय तंत्र को नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास का समर्थन करने के लिए जोड़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने सभी कार्यों और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि भारत एक राष्ट्र के रूप में इस धरती को बचाने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी से अधिक भार लिया है और जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और वैश्विक जलवायु व्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्रिय रहा है, जिस पर हम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन, इसके क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते के तहत सामूहिक रूप से सहमत हुए हैं। भारत का एलटी-एलईडीएस यह स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समानता और जलवायु न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है।

**■ भूपेंद्र यादव**
**(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं।)**

# कुदरत के प्यारे परिंदे

यही बात देखने या फिर आसपास के वातावरण को महसूस करने के मामले में भी लागू होती है। सुबह जब गौरैया, बया, बुलबुल सब एक साथ ही झुंड मे उड़ती नजर आती है तब उस व्यक्ति की स्मृतियों में जरूर खास आयेगी, जिसने कुदरत के चित्र उकेरती दुनिया की मशहूर कविताएं पढ़ी होंगी। याद आ सकता है कि कभी ऐसा सचमुच होता था कि हजारों पंछी झील के किनारे, उद्यान में या फिर किसी बड़े-से दरख्त पर सुबह और शाम को पक्षियों का दिखाई दे जाना आम बात थी। हाल में कहीं पढ़ा कि अब लोगों को कौवे दिखने बेहद कम हो गये हैं। बीस साल पहले तक बस भात बिखेरने की देर होती थी और एक, दो, तीन करके दो-तीन दर्जन कौवे पता नहीं कहां से आ जाते थे। धीरे-धीरे दिनचर्या में मशीनी जीवन की दस्तक ने लोगों के जीवन में ऐसी हलचल मचाई है कि कौवे के अलावा भी कई अन्य पंछी को देखने की रुचि और उत्सुकता कम या न के बराबर ही रह गई है। पहले नियमित रूप से मुट्ठी भर अनाज पक्षियों के के लिए बिखेरा जाता था। उस वक्त जो थोड़ा बहुत संपर्क पंछी और इंसान का बनता था, वह ऐसी छोटी-सी सक्रियता और परवाह के जरिए ही बन पाता था। बस अपना खाना, अपना नाश्ता, अपना-अपना सोचने वाले तब बहुत कम लोग थे, इसलिए पंछी को दाना और घर के भीतर रोशनदान तक उनका आशियाना घर में भी उनकी चीं-चीं की सुरलहरी का पारंपरिक रूप और आदमी से मिल कर रहने का ढांचा अपना मूल स्वरूप नहीं छोड़ पाया था। कुछ दशक पहले तक गांव-देहातों की बस्ती में जीवन के रहन-सहन में थोड़ी बहुत तब्दीली नामालूम-सी थी। फिर आया ऊंची-ऊंची अट्टालिकाओं का चलन, जिसने पंछी की उड़ान को सीमित किया और उन डिब्बेनुमा मकानों में रहने वालों की सोच को संकुचित कर दिया। खेतों में फसलों की कटाई आदि के बाद जो अनाज बचा रह जाता था, वह पंछियों के चुगने के काम आता था। वे खेत अब बाजार, कालोनी और शापिंग माल बन गये हैं। पंछी अब नगर से दूर होते चले गये हैं, फिर भी किसी वार-त्योहार पर कोई लोक धुन सुन कर वे आ जाते और हवा के प्रदूषण तथा मोबाइल टावर से अपनी नन्हीं-सी जान बचा कर वापस चले जाने लगे। फिर किसी कचरा पात्र में पड़ा रूखा-सूखा खाकर छुट्टियों के दौरान गांवों में बन-ठन कर जाने लगे। ये पंछी केवल उड़ते या नीड़ ही नहीं बनाते। पंछी के बहुत व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य को मशीनीकरण के घातक से परदे ने एकाएक ढक दिया है। पंछी पीपल, नीम, बरगद, इमली आदि के बीज यहां से वहां ले जाते हैं। पीपल और बरगद तो कभी यों ही उगता नहीं। पंछी के मल में लिपटा बीज ही पीपल और बरगद के पौधे के रूप में अंकुरित होता है। मगर क्या कहा जाए कि भारत के सात सौ से अधिक नगरों ने सभ्य और स्मार्ट सिटी बनने की धुन में अपने घने दरख्तों पर कुल्हाड़ी चला दी, जिन पर सैकड़ों कबूतर, गौरैया, तोते, बुलबुल का आशियाना हुआ करता था। इस पर अनेक स्वैच्छिक संगठनों ने आपत्ति भी जताई कि पेड़ काटने से पहले इन पंछियों के वास्ते कुछ साल मेहनत करके एक पूरा हरा-भरा उद्यान बसा दिया जाए, उसके बाद इन वृक्षों पर वार किया जाए। मगर सब खानापूर्ति। कहने को तो बदले में पौधारोपण किया गया, पर दो फीसद पेड़ तक नहीं बचे मानव मन करुणा, ममता, दया, प्रेम से सराबोर होता है। खुद से तो हम जीवन भर प्रेम करते ही हैं। इन परिंदों को भी थोड़ा प्यार दे देंगे तो हमारा व्याकुल मन भी आराम पायेगा। देने का भाव और प्राणी मात्र से लगाव- यह तो इंसान का कुसुमित संस्कार रहा है। कहीं ऐसा न हो कि कल हमारे बच्चे विदेश से चार लाख का मकाऊ तोता लाकर घर पर पिंजरे में सजा दे। उसका विदेशी दाना-पानी देकर पोषण करे, मगर अपने कक्ष की खिड़की के बाहर पर फडफड़ाती चीं-चीं करती गौरैया की भूख-प्यास के प्रति कठोर हो जाय।

**■ संदीप पांडे 'शिष्य'**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

भगवान विष्णुने हँसकर उनसे यह समयोचित बात कही- तुम अब अपना यह अश्वीरूप छोड़ दो और पहले जैसा शरीर धारण कर लो ॥ 41 ॥

हे सुलोचने! हम दोनों अपनी दिव्य देह धारण करके अपने वैकुण्ठधाम चलेंगे और तुमसे उत्पन्न यह कुमार अब यहीं रहे ॥ 42 ॥

लक्ष्मीजी बोलीं- हे देवश्रेष्ठ ! अपने शरीरसे उत्पन्न पुत्रको छोड़कर मैं कैसे जाऊँ? अपने पुत्रके प्रति स्नेहका त्याग अत्यन्त ही कठिन है ॥ 43 ॥

हे अमेयात्मन्! इस निर्जन नदीतटपर इस लघुकाय, अनाथ तथा असमर्थ बालककी क्या गति होगी ? ॥ 44 ॥

हे कमलनयन। हे स्वामिन्! इस आश्रयहीन पुत्रको छोड़कर मेरा दयालु मन यहाँसे जानेके लिये भला कैसे तैयार हो सकता है? ॥ 45 ॥

तत्पश्चात लक्ष्मीजी तथा भगवान विष्णु दोनों दिव्य शरीर धारणकर उत्तम विमानपर विराजमान हुए: देवगण अन्तरिक्षमें उनकी स्तुति करने लगे ॥ 46 ॥

वैकुण्ठके लिये प्रस्थान करनेके इच्छुक भगवान विष्णुसे लक्ष्मीजीने कहा- हे नाथ! में इस पुत्रका त्याग नहीं कर सकती, अतएव इसे भी साथ ले लीजिये। हे प्रभो। मेरा यह प्राणके समान प्रिय कान्तिमें आपहीके सदृश है। हे मधुसूदन! इसे लेकर हम दोनों वैकुण्ठ चलेंगे ॥ 47-48 ॥

पुत्र हरि बोले- हे प्रिये हे वरानने। इस पुत्रके विषयमें शोक करना तुम्हारे लिये उचित नहीं है। यह सुखपूर्वक यहाँ रहे मैंने इसकी रक्षाका उपाय का दिया है ॥ 49 ॥

हे वामोरु! इस पुत्रके यहाँ छोड़नेके पीछे कोई महान तथा आश्चर्यजनक कारण छिपा है। मैं उसे बता रहा हूँ; तुम जान लो ॥ 50 ॥

इस पृथ्वीपर ययातिके पुत्र तुर्वसु नामक एक प्रसिद्ध राजा हैं। उनके पिताने उनका लोक- प्रसिद्ध हरिवर्मा - यह नाम रखा था। इस समय पुत्रकी कामनावाले वे नरेश एक पवित्र तीर्थमें तपस्या कर रहे हैं। उन्हें तप करते हुए पूरे एक सौ वर्ष बीत चुके हैं। हे कमलालये! उन्होंके लिये मैंने यह पुत्र उत्पन्न किया है। हे सुधु वहाँ राजाके पास जाकर मैं उन्हें इसी समय भेज दूँगा है प्रिये! पुत्रके अभिलाषी उन्हीं राजाको मैं यह पुत्र दे दूँगा और वे इस बालकको लेकर अपने घर चले जायेंगे ॥ 49-54 ॥

व्यासजी बोले- इस प्रकार अपनी प्रिय मायाकी आश्वासन देकर तथा बालककी रक्षाका प्रबन्ध करके भगवान विष्णु उत्तम विमानपर आरूढ़ होकर अपनी प्रियाके साथ चले गये ॥ 55 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# आधुनिक जीवन से नुकसान

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

**■ लव कुमार , मेदिनीनगर।**

# न पैसा और न इंतजाम कैसे थमेगा प्रदूषण ?

बोलने के लिए पिछले तीन दिन से प्रतीक्षा कर रहा हूं और मेरी बारी अब आई है। ...प्रदूषण एक ऐसा विषय है, जिसकी किसी को भी चिंता नहीं है, हालांकि, प्रदूषण रोकने के लिए कई विधेयक पारित किये जा चुके हैं। बोलने के लिए पिछले तीन दिन से प्रतीक्षा कर रहा हूं और मेरी बारी अब आई है। ...प्रदूषण एक ऐसा विषय है, जिसकी किसी को भी चिंता नहीं है, हालांकि, प्रदूषण रोकने के लिए कई विधेयक पारित किये जा चुके हैं। मेरे विचार से इस बारे में एक केंद्रीय कानून भी है। कुछ राज्य कानून भी हैं। इसके अलावा प्रदूषण निवारण के लिए एक बोर्ड भी है। ये सभी चीजें हैं, किन्तु अब आप कहते हैं कि ये काम नहीं कर रही हैं। इसीलिए आप इस सूची में एक और कानून शामिल कर रहे हैं। हालांकि, इतने अधिनियम हैं, किन्तु धन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ...हम कितनी ही चचाएं करते हैं, किन्तु मेरा विचार है कि अधिनियम में निहित उपबन्धों का एक छोटा सा अंश भी क्रियान्वित नहीं किया गया है। मेरे पास सही-सही आंकड़े हैं और में उन्हें उद्धृत करूंगा। वातावरण में प्रदूषण की मात्रा मापने के लिए आपके पास कितनी प्रयोगशालाएं हैं? मेरे विचार से 30 या 40 सरकारी मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से अधिक नहीं हैं। क्या आप इतनी कम प्रयोगशालाओं से काम चला सकते हैं? गैर-सकारी प्रयोगशालाओं की स्थिति क्या है, आपको इन सब बातों की ओर ध्यान देना होगा। दूसरे, क्या आप सभी उद्योगों को शामिल करने जा रहे हैं? ...इसके पश्चात मोटर वाहनों को लीजिये, जो अधिकतम प्रदूषण फैलाते हैं, जहां तक वायु प्रदूषण का संबंध है। महाराष्ट्र में ही लगभग 20 लाख वाहन हैं। अकेले बम्बई शहर में करीब 10 लाख वाहन हैं। दिल्ली में ही शहर की सड़कों पर 10.05 लाख वाहन चलते हैं। इन वाहनों द्वारा उत्पन्न प्रदूषण को मापने के लिए आपके पास क्या व्यवस्था है? क्या ऐसे कार्य के लिए आपके पास कोई तंत्र है? ऐसी चीजों पर कार्रवाई के बजाय हम अनावश्यक बहस कर सदन का वक्त बर्बाद कर रहे हैं। अब मैं कुछ उन महत्वपूर्ण उद्योगों पर आता हूं, जो देश में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि कर रहे हैं। देश में इस समय कागज की लुगदी के लगभग 179 यूनिट हैं।... एक भी यूनिट कुछ मानकों को बनाये रखने संबंधी सांविधिक उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। यही स्थिति चमड़ा संबंधी कारखानों की है। मुझे चर्म प्रसंस्करण कारखानों की सही-सही संख्या का पता नहीं है, किन्तु इनमें से कोई भी तय उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। कुल 70 उर्वरक यूनिट है, जिनमें से केवल 19 यूनिट ही सांविधिक मानकों का पालन कर रहे हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र में 729 कीटनाशक निर्माण यूनिट हैं और इनमें से कोई यूनिट सांविधिक उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। 104 सीमेंट यूनिटों में से केवल 15 ही मानकों का पालन कर रहे हैं। यदि दो या तीन प्रतिशत बड़े उद्योगों को भी प्रदूषण रोकने की परवाह नहीं है, तो आप क्या कर सकते हैं?... स्वतंत्रता के 40 वर्ष बाद भी भारतवासी गन्दा पानी पी रहे हैं। जब तक आप इस बारे में कुछ करते नहीं, कुछ भी नहीं होगा। मैंने जर्मनी और जापान में प्रदूषण की समस्याओं का अध्ययन किया है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह इन देशों का दौरा करें। ... आप अन्य बड़े उद्योगों को भी इस प्रकार हिदायतें क्यों नहीं देते कि वह ऐसी व्यवस्था करें, जिससे प्रदूषण से बचा जा सके? मैं जर्मन लोगों की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कहा है कि वह यह सब पिछले 50 वर्षों से करते चले आ रहे हैं, इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वह मेरे इस सुझाव को संयुक्त चयन समिति को भेज दें। अन्यथा खाली बहस से प्रदूषण को इन सभी समस्याओं पर काबू पाने में कोई मदद नहीं मिलेगी। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो नियोक्ता इस कानून का प्रयोग लोगों का शोषण करने के लिए करेंगे। ...मैं इसका सख्त विरोध करता हूं।... समूचे विधेयक में एक पैसे का भी प्रावधान नहीं किया गया है। ...देश में 8,50000 उद्योग हैं। ... सिर्फ दिल्ली में ही 10,50,000 वाहन वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। आपकी क्या मशीनरी है? आप सैद्धांतिक स्तर पर इसकी चर्चा कर रहे हैं।

**■ दत्ता सामंत**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# देश-विदेश



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### बम धमाके में छह की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार



**इस्तांबुल (एजेंसी)।** सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार तुर्की पुलिस ने इस्तांबुल के मशहूर इस्तिकलाल एवेन्यू पर रविवार को हुए बम विस्फोट के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस आतंकवादी हमले में कम से कम छह लोग मारे गये और 81 अन्य घायल हो गये। तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू ने सोमवार को समाचार एजेंसी को बताया कि तुर्की के सबसे बड़े शहर के सबसे व्यस्त हिस्से में बम विस्फोट करनेवाले एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एदोर्वान ने पहले हमले को देशद्रोह के रूप में बताया था। उन्होंने पत्रकारों से कहा था हमले में आतंकवाद की बू थी। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि हमले में एक महिला शामिल थी। देश के कानून मंत्री बाकिर बुजदाग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस्तिकलाल एवेन्यू में एक महिला बेंच पर करीब 40 मिनट तक बैठी रही। उसके उठते ही धमाका हुआ। उन्होंने कहाकि दो अन्य संभावनाएं हैं, बम को एक बैग में रखा गया हो सकता है जिसमें विस्फोट हुआ हो या रिमोट कंट्रोल से विस्फोट किया गया हो।

### दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी ने दो और लोगों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में उद्योगपति आम आदमी पार्टी के नेता विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इसी मामले में दोनों को पकड़ा था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इसी मामले में गिरफ्तार किये जाने के बाद से फिलहाल जेल में हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत से दोनों को हिरासत में लेने की मांग करेगा। सीबीआई के अनुसार, हैदराबाद का रहनेवाला बोइनपल्ली दक्षिण भारत के कुछ शराब व्यवसायियों के लिए कथित रूप से लॉबिंग कर रहा था। सीबीआई के अनुसार, बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली (इवेंट मैनेजमेंट) एक कंपनी के पूर्व सीईओ नायर आम आदमी पार्टी (आप) से संबद्ध हैं।

# जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करना देश के लिए अहम पल : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं डिजीटल परावर्तन के विषयों पर भारत की उपलब्धियों को विश्व नेताओं के साथ साझा करने के साथ ही वर्ष 2022-23 के लिए भारत की ओर से इस प्रभावशाली वैश्विक संगठन की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे और जी-20 के नेताओं को अगले साल भारत आने का निमंत्रण देंगे। श्री मोदी ने विश्व में आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली 20 देशों के 17 वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाली रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि बाली शिखर सम्मेलन के दौरान, मैं वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर जी-20



के अन्य नेताओं के साथ व्यापक चर्चा करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान वह शिखर सम्मेलन में आनेवाले कई अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे और उनके साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रोन, इंडोनिशया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पेरेज कास्टजोन और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन के साथ श्री मोदी की द्विपक्षीय मुलाकातों का कार्यक्रम तय हो चुका है। कोविड महामारी काल के बाद रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर की थीम पर आयोजित होनेवाले इस शिखर सम्मेलन में में तीन सत्र- खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और डिजीटल परावर्तन के विषयों पर आधारित होंगे।

श्री मोदी 15 नवम्बर को बाली में एक स्वागत समारोह में स्थानीय भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। उन्होंने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने को देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि हमारे देश और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपेंगे। भारत आधिकारिक तौर पर 01 दिसम्बर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। मैं अगले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में जी20 के सदस्यों तथा अन्य आमंत्रित लोगों को भी अपना व्यक्तिगत निमंत्रण दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में अपनी बातचीत के दौरान वह भारत की उपलब्धियों और वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक रूप से सामना करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालेंगे। भारत की जी-20 अध्यक्षता वसुधैव कुटुम्बकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के थीम पर आधारित होगी, जो सभी के लिए समान विकास और साझा भविष्य के संदेश को रेखांकित करती है।

## पहली बार ईरान में होगी हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारी को फांसी



■ दंगे भड़काने का लगा आरोप

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में महसा अमीनी की मौत के बाद देश में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल एक प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनायी गयी है। वहीं, इस मामले में पांच लोगों को जेल की सजा सुनायी गयी है। कहा गया है कि सभी दोषी इस फैसले को अदालत में चुनौती दे सकते हैं। ईरान में 16 सितम्बर को शुरू हुआ हिजाब विरोधी प्रदर्शन अभी भी जारी है। इस बीच ईरान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस मामले में तेहरान कोर्ट ने फैसला सुनाया है। देश में लगातार जारी अशांति के बीच सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी को फांसी और कुछ लोगों को जेल की सजा सुनायी गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान में पहली बार किसी प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनायी गयी है। इसके अलावा पांच लोगों को 10 साल की जेल की सजा सुनायी गयी है।

### सजा पानेवाले इस फैसले को कोर्ट में दे सकते हैं चुनौती

**दोषी** शख्स पर सरकारी इमारतों में आग लगाने, दंगे भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इसलिए कहा जा रहा है कि इस मामले में जिन लोगों को सजा हुई है, वे सभी इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। बता दें, सितम्बर में महसा अमीनी की मौत के बाद सरकार की जड़ें हिला देनेवाले इस प्रदर्शन में शामिल किसी प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनाये जाने का यह पहला मामला है।

## आसियान का ऐलान

# किसी के युद्ध का मैदान नहीं हैं हम



**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया को नये शीत युद्ध का मैदान नहीं बनने दिया जायेगा। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते कूटनीतिक व भोगौलिक तनाव के चलते दोनों ही शक्तियां आसियान देशों पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में लगी हैं। ऐसे में एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस की अध्यक्षता संभालते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो ने कहा कि यह संगठन किन्हीं भी शक्तियों का छद्म नहीं बनेगा। विडोडो ने कहा कि 10 देशों का यह संगठन कुल मिलाकर 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो एक गरिमापूर्ण क्षेत्र होना चाहिए और जिसे मानवीय व लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। आसियान के लिए म्यांमार और कंबोडिया के रूप में इन मूल्यों के सम्मान की बड़ी चुनौतियां हैं। दोनों ही देशों पर मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं। विडोडो ने कहा कि आसियान को एक शांतिपूर्ण क्षेत्र बनना है जो वैश्विक स्थिरता के लिए काम करे, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करे और किसी का छद्म रूप बनकर ना रहे। आसियान को मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को अपने क्षेत्र में शीत युद्ध में तब्दील नहीं होने देना है।

**चीन और अमेरिका का मुकाबला :** हाल के सालों में चीन ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए हर तरह का तरीका आजमाया है। दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के साथ उसने बड़े समझौते किये हैं जिनमें व्यापारिक और सैन्य सहयोग भी शामिल है। इसके जवाब में अमेरिका ने भी इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है।

## फिर ईडी के सामने पेश हुए डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डीके शिवकुमार नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में फिर से पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। यह दूसरा मौका है, जब केंद्रीय एजेंसी मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। कर्नाटक के पूर्व मंत्री शिवकुमार (60) ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जांच के सिलसिले में एजेंसी द्वारा मांगे गये सारे दस्तावेज उसे सौंप दिये थे और समन टालने का अनुरोध करने के बावजूद उन्हें फिर से उपस्थित होना पड़ा।

## कश्मीर में बर्फबारी, पहलगाम सोनमर्ग का इलाका बर्फ से ढंका

■ गुलमर्ग में माइनस में तापमान, जम्मू में ठंड बढ़ी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। कश्मीर के कई इलाकों में बर्फ की चादर नजर आ रही है। सोमवार को भी गुलमर्ग, पहलगाम, बनिहाल समेत कई इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू के डोडा और पुंछ में भी बर्फबारी हुई। मैदानी इलाकों में रुक-रुककर बारिश भी हो रही है। इससे ठंड बढ़ गई है। श्रीनगर में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री, पहलगाम में 0.6 और गुलमर्ग में माइनस 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर रविवार रात से बर्फबारी हो रही है। लाहौल स्पीति, चंबा और किन्नौर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है। लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलोंग और अटल टनल के पास एक इंच तक बर्फ जम चुकी है। वहीं लाहौल स्पीति की सड़कों पर फिसलन भी बढ़ गयी है, जिससे सफर खतरनाक हो सकता है। इसलिए अटल टनल को बंद कर दिया गया है।

## अमेरिकी वीजा वेरिफिकेशन स्टांप लगवाने के लिए 12 महीने का इंतजार

**वॉशिंगटन/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीयों के लिए ड्रीम अमेरिका मुसीबतों का सबब बनता जा रहा है। वहां घूमने के इच्छुक लोगों के लिए टूरिस्ट वीजा के इंटरव्यू अपॉइंटमेंट की वेटिंग बढ़कर अब 30 महीने पार हो चुकी है। ये परेशानी तो जाने के लिए है। दूसरी ओर, अमेरिका में वर्क वीजा लेकर गए भारतीयों के लिए अब घर लौटना भी मुश्किल भरा है। अगर कोई भारतीय अपने परिजन से मिलने के लिए बीच में भारत आ जाए, तो अमेरिका लौटने के लिए उसे अपने वीजा पर वेरिफिकेशन की मुहर लगवानी पड़ती है। इस कारण अमेरिका लौटने की वेटिंग भी 12 महीने तक पहुंच चुकी है। जल्द स्टांप लगवाने के लिए भारतीय वियतनाम का रुख कर रहे हैं।

## आंध्र में अंडरपास में फंसा हवाई जहाज, कई किलोमीटर लगा जाम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले से एक हैरान कर देनेवाला वीडियो सामने आया है। यहां कोरिसापाडु अंडरपास में सड़क के बीचोबीच एक विमान फंस गया। यह विमान हैदराबाद के पिस्ता हाउस के मालिक का है, जिसे एक ट्रेलर पर कोच्चि से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर और विमान को वहां से निकाला गया। गनीमत रही विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद सड़क पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। विमान को देखने के लिए वहां भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि हैदराबाद के शिवशंकर ने इस विमान को खरीदा था। शिवशंकर, मशहूर रेस्तरां चेन पिस्ता हाउस चलाते हैं। उन्होंने विमान के अंदर रेस्तरां खोलने की पहले से प्लानिंग कर रखी थी। इसके लिए उन्होंने एक इस्तेमाल किया हुआ विमान खरीदा था। शिव शंकर ने उसे कोच्चि से मंगवाया था। मीडिया से बात करते हुए मेदामेटला सब-इंस्पेक्टर ने कहा कि ट्रेलर के ड्राइवर को ट्रैफिक डायवर्जन की जानकारी नहीं थी। जिस कारण से वह ट्रेलर वहां फंस गया। सब-इंस्पेक्टर के मुताबिक मेदारमेटला में अभी कुछ मेंटनेंस का काम चल रहा है, जिसके चलते अडांकी से हैदराबाद सर्विस रोड को बंद कर दिया गया था। हैदराबाद की ओर जाने वाले गाड़ियों को कोरिसापाडु अंडरपास से डायवर्ट किया गया।

■ ट्रक पर कोच्चि से ले जा रहे थे हैदराबाद

# प्यार में धोखा : आफताब ने श्रद्धा की बेरहमी से की हत्या

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्यार, धोखा और फिर बेरहमी से हत्या... शादी का दवाब बनाने पर एक युवक ने अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर उसे कई दिनों तक सुनसान इलाकों में फेंकता गया। दिल दहला देनेवाली यह घटना राजधानी दिल्ली से सामने आयी है। मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आफताब पूनावाला को गिरफ्तार कर लिया है। आफताब ने पूछताछ में श्रद्धा नामक लड़की को मारने की बात कबूल ली है। आफताब की गिरफ्तारी के बाद प्यार में खौफनाक अंत की यह कहानी काफी चर्चा में है। छह महीने पहले हुई इस खौफनाक वारदात के सनसनीखेज खुलासे के लोग सोशल मीडिया पर श्रद्धा के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आफताब अमीन पूनावाला ने लिव इन पार्टनर और प्रेमिका श्रद्धा की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े किये और उन्हें 18 दिन तक दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगाता रहा।

■ शव के 35 टुकड़े कर जंगल में फेंका, महीनों बाद हुआ खुलासा

### कॉल सेंटर में काम करते थे दोनों, एक साल पहले दिल्ली शिफ्ट हुई थी श्रद्धा

**मिली** जानकारी के अनुसार 26 साल की श्रद्धा मुंबई के मलाड की रहनेवाली थी। यहां वह एक मल्टीनेशनल कंपनी के कॉल सेंटर में काम करती थी। करीब एक साल पहले श्रद्धा अफताब के साथ रहने के लिए मुंबई से दिल्ली शिफ्ट हुई थी। बताया गया कि श्रद्धा और आफताब दोनों कॉल सेंटर में काम करते थे। यहीं दोनों की मुलाकात हुई। दोनों प्यार करने लगे, लेकिन दोनों के रिश्तों से परिवारवाले नाखुश थे। इसके चलते दोनों मुंबई से दिल्ली शिफ्ट हो गये और महरौली के एक फ्लैट में लिव इन में रहने लगे, जहां आफताब ने उसकी हत्या की। मामले की पुष्टि करते हुए साउथ दिल्ली के एडिशनल डीसीपी अंकित चौहान ने बताया, 18 मई को झगड़े के बाद आफताब ने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने उसकी बॉडी के 35 टुकड़े किये और उन्हें फ्रिज में रख दिया। पुलिस ने बताया कि वह हर रोज रात को दो बजे घर से निकलता और टुकड़ों को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगाता।



**शव के आरी से किये टुकड़े, रात दो बजे फेंकने जाता था :** मामले की जांच में जुटी पुलिस ने बताया कि श्रद्धा की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े करने के लिए आफताब ने आरी का इस्तेमाल किया। उसने पहले उसके हाथों के तीन टुकड़े किये। इसके बाद पैर के भी तीन टुकड़े किये। इसके बाद रोज रात के करीब दो बजे वह बैग में रखकर इन्हें फेंकने के लिए ले जाता था। पुलिस के अनुसार आफताब ने श्रद्धा के शव के करीब 35 टुकड़े किये।

समस्त झारखण्ड वासियों व गुमला जिला वासियों को भगवन बिरसा मुण्डा जयन्ती व झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।

निवेदक
दीप्ती कच्छप
कांसीर भारत गैस एजेंसी
ग्रामीण वितरक (गुमला)

झारखंड स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

बाला रानी
जिला परिषद सदस्य
प्रमोद कुमार
जिपस पति
श्री बंशीधर नगर

बधाई
राज्य स्थापना दिवस पर मेदिनीनगर नगर निगम वासियों को हार्दिक बधाई।
घर-घर यात्रा
दिन रात एक ही प्रयास करेंगे
बात नहीं विकास करेंगे।


मनोज सिंह
भावी मेयर प्रत्याशी, मेदिनीनगर
मो. 7250359296



## न्यूज गैलरी

### रांची जिला खो-खो संघ की राष्ट्रीय खिलाड़ी का आकस्मिक निधन पर शोक की लहर



**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में रांची जिला खो-खो संघ की राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी सोनी टोप्पो की लंबी बीमारी के कारण आकस्मिक निधन पर संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण ने शोक प्रकट किए। सोनी टोप्पो ने लगातार कई वर्षों तक जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रांची जिला का नाम रोशन की थी। शोक प्रकट करते हुए प्रशिक्षक सह रांची जिला खो-खो संघ के महासचिव अजय झा ने कहा कि राज्य में इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। वरीय खिलाड़ी विवेक कुमार, बिजय पॉल तिर्की, मुकेश कुमार, भरत कुमार, डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के सभी खिलाड़ीगण एवं रांची जिला के सभी सदस्य गण ने दो मिनट का मौन व्रत कर शोक प्रकट कर करते हुए आत्मा की शान्ति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### एसीबी जांच का आदेश ध्यान भटकाने वाला : प्रतुल नाथ शाहदेव

**रांची ।** राज्य सरकार के द्वारा भाजपा के पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रेतर जांच के लिए पी.ई. दर्ज करने का निर्देश दिए जाने पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने इस करवाई को सिर्फ ध्यान भटकाने वाला साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री और झामुमो निराशा और हताशा के दौर से गुजर रहे हैं।वह ऐसे आदेश देकर नया एजेंडा सेट करना चाहते है।प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा को किसी भी जांच से कभी भी कोई परहेज नहीं बशर्ते वह निष्पक्ष हो।लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में निष्पक्षता की आशा नहीं की जा सकती।

### आरपीएफ की सक्रियता से महिला ट्रेन यात्री को नकद 8000 समेत पर्स मिला वापस

**रांची।** विगत रविवार को आरपीएफ पोस्ट हटिया को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, रांची से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला यात्री जिसका नाम- करुणा कुमारी, उम्र - 41 साल, छपरा (बिहार) जिसका पर्स ट्रेन संख्या 18623 में छूट गया है। सुचना प्राप्त होने के तुरंत बाद सहायक उपनिरीक्षक ऐस के जायसवाल ने कर्मचारियों के साथ मिलकर उक्त ट्रेन की तलाशी ली और पर्स को बरामद कर आरपीएफ पोस्ट हटिया पर ला कर रख दिया गया और इसकी सूचना महिला यात्री को दी गई जिसके पश्चात उक्त महिला यात्री आरपीएफ पोस्ट हटिया पहुंची जिसे उचित सत्यापन के बाद पर्स (नकद 8000/-) और अन्य मूल्यवान दस्तावेज जो पर्स के अंदर रखे गए हैं, उन्हें उसकी वास्तविक स्थिति में सौंप दिया गया। उक्त महिला ने इस तरह के नेक काम के लिए आरपीएफ हटिया को धन्यवाद दिया।

### एचईसी में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई

रांची । देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सोमवार को जयंती मनाई गयी । इस सिलसिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए । रांची के धुर्वा स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन एचईसी में भी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एचईसी के वरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने नेहरू पार्क स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर एसीसी के डायरेक्टर पर्सनल एमके सक्सेना ने राष्ट्र निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद किया और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एसजीएम कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

रांची। संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, रांची में सोमवार को बाल दिवस और जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इसमें सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके संघर्ष के बारे में बताया गया। कॉलेज के सचिव डॉ सुदेश कुमार साहू ने खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

---

### प्रगति मैदान में निर्मित झारखण्ड पवेलियन का मंत्री ने किया उद्घाटन

# व्यापार मेला 2022 का थीम वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल रखा गया है

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पीयुष गोयल, मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुप्रिया पटेल, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री एवं मिथिलेश ठाकुर, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंच पर उपस्थित थे। इस वर्ष झारखण्ड राज्य पार्टनर राज्य के रूप में अपनी भागीदारी




कर रहा है। भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का थीम वोकल फॉर लोकल,लोकल टू ग्लोबल रखा गया है। उक्त मेले में झारखण्ड राज्य के संस्कृति एवं उद्योग को प्रदर्शन करने के लिए 800 वर्ग मीटर में निर्मित झारखण्ड पवैलियन का उद्घाटन मिथिलेश ठाकुर मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मस्त राम मीणा, प्रधान स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली, जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, उद्योग राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक एवं अन्य शामिल थे। इस वर्ष कुल 12 विभागों / बोर्ड / निगमों. 26 आर्टिजन से संबंधित तथा एमएसएमई से संबंधित उत्पादों का प्रदर्शित किया गया है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में बाल दिवस समारोह आयोजित

## बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों के मध्य रोमांचक क्रिकेट मैच भी हुआ तथा बच्चों को फिल्म दिखायी गयी। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके लिए वे स्वस्थ भोजन, लुप्तप्राय पशु, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आदि थीम पर सज-संवरकर आए। इस अवसर पर द सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिमैके) के सहयोग से बिहू नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय ने इस विशेष अवसर पर उन छात्रों को सम्मानित किया जो स्कूल का प्रतिनिधित्व कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में ट्राफियां और प्रमाण पत्र जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें संवारना और सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य है।

### बच्चों के लिए फ्री डेंटल चेकअप का हुआ आयोजन

**रांची।** रिम्स डेंटल कॉलेज के पिडोडॉन्टिक विभाग में सोमवार को बाल दिवस व पिडोडॉन्टिक डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के दांतों की देखभाल और सफाई के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई। साथ ही रांची स्थित गैर सरकारी संगठन करुणा एनएमओ से आए 17 बच्चों का फ्री डेंटल चेक अप और जरूरी ट्रीटमेंट किया गया। बच्चों के बीच टूथब्रश और टूथपेस्ट का वितरण भी किया गया। मौके पर स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विजेता मंताशा नाज और अर्चना एक्का को पुरस्कृत किया गया। डेंटल कॉलेज के तीसरे व फाइनल ईयर की छात्रा अंकिता, अपूर्वा, अंशु, औली, पूजा पाठक, पूजा, सुष्मिता, विभा, स्वेता और तान्या ने बच्चों के ट्रीटमेंट में सहयोग किया। पिडोडॉन्टिक विभाग की इंटर्न डॉ सुचिता, डॉ सुचित्रा, डॉ स्वीटी, डॉ आयुश और डॉ अमिया ने सभी बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने की जानकारी दी।

## विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी में बाल दिवस का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को कृष्णापुरी चुटिया में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी, रांची के द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें करनाथ टोली चुटिया के साथ पावर हाउस चुटिया के बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें बच्चों के बीच 14 नवंबर बाल दिवस मनाने जाने के महत्व की जानकारी दी गई। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कविता पाठ एवं कहानियों बताई गई। विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की सेक्रेटरी रेखा देव ने बाल दिवस के आयोजन की जानकारी दी तथा चाचा नेहरू के अमूल्य योगदान की सराहना की। चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति लगाओ एवं उनके प्यार की सराहना की गई। इस बीच बच्चों के बीच में पेंसिल रबड़ एवं पेन का वितरण किया गया। बच्चों के बीच में आज खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रीति पांडे, नैंसी, अंशु, रांचो, एरॉन, आयुष, वर्षा, अंतरा के द्वारा नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आज के बाल दिवस कार्यक्रम में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी के सेक्रेटरी रेखा देव मेंबर मनीषा मुंडा, रोबिन कच्छप इत्यादि उपस्थित थे। बच्चों में विशेषकर अंतरा कुमारी, स्वाति कुमारी, आशु कुमारी, अजय, कृष्ण, माधुरी अंशु इत्यादि उपस्थित थे।

### जूनियर इंडिया टीम के असिस्मेंट कैंप में झारखंड के दो खिलाड़ी आमंत्रित

रांची। 18 नवंबर से बेंगलुरु में आयोजित भारतीय जूनियर पुरुष असिस्मेंट कैंप के लिए झारखंड के दो पुरुष हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित किए गए हैं। असीम तिर्की और असीम आइन्द। दोनों ही खिलाड़ी पिछले वर्ष जूनियर झारखंड टीम के साथ विगत कई वर्षों से झारखंड टीम से खेल रहे हैं। साथ ही असीम तिर्की इस वर्ष 36 वें राष्ट्रीय खेल में भी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया था। असीम तिर्की झारखंड के सिमडेगा जिला का रहने वाला है वहीं असीम आइन्द खूंटी जिला के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ियों के चयन होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह महासचिव विजय शंकर सिंह उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्रायानी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बीगन सोय ,कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड स्थापना दिवस आज...**

चुस्त-दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित करें। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 से किया जायेगा। कार्यक्रम में आनेवाले आगंतुकों एवं आमजनों के लिए बैठने की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिलों में लगी एलईडी स्क्रीन पर किया जायेगा। मुख्य समारोह कार्यक्रम से सभी जिले जुड़े रहेंगे। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव प्रशांत कुमार, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस पर रांची में...

साथ ही सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मोरहाबादी में मुख्य कार्यक्रम को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। समारोह स्थल में जानेवाले हर वाहनों को चेकिंग के पास भी स्थल तक जाने दिया जायेगा।

**सीसीटीवी कैमरा से होगी समारोह स्थल की निगरानी :** समारोह स्थल के चारो तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। साथ ही दो ड्रोन कैमरा का भी इस्तेमाल किया जायेगा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा से पूरे समारोह की निगरानी की जायेगी। इसके लिये कंट्रोल रूम में आधा दर्जन से पुलिस अधिकारी की तैनाती की गयी है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे पल-पल की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को देंगे।

**ड्यूटी के दौरान मोबाइल इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश :** वहीं, ड्यूटी के दौरान किसी भी जवान को मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया। यदि कोई जवान मोबाइल फोन इस्तेमाल करता है तो मोबाइल सीज किया जायेगा। वहीं, मंगलवार सुबह छह बजे से जवान तैनात रहेंगे और ऊंची इमारतों में भी स्नाइपर को तैनात किया जायेगा। सुरक्षा को लेकर प्रतिबंधित वस्तुओं की भी सूची तैयार की गयी है, जिसमें बैग, छतरी, ज्वलनशील पदार्थ, चाकू, लेकर आने पर मनाही रहेंगे।

**रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ....**

से अधिक संपत्ति के आरोप के लिए अब तक के गोपनीय सत्यापन से पुष्टि होने का उल्लेख करते हुए उनके विरुद्ध अलग-अलग पीई दर्ज करने के लिए अनुमति की मांगी थी। एसीबी के सत्यापन प्रतिवेदन के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा मुख्यमंत्री से पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की अग्रेतर जांच के लिए पीई दर्ज करने के बिंदु पर अनुरोध किया गया था। जिस पर सीएम सोरेन ने अपनी सहमति दे दी है।

**क्या है मामला :** याचिका प्रार्थी पंकज कुमार यादव की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने 2020 में दायर की थी। इसमें में कहा गया है कि पांचों पूर्व मंत्रियों ने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान 200 प्रतिशत से लेकर एक हजार प्रतिशत तक अपनी आय में वृद्धि की है। इनकी वर्ष 2014 से 2019 तक की अवधि में अर्जित की गयी संपत्ति की जांच की जाये। इसके अलावा प्रार्थी पंकज यादव ने शिक्षा सचिव, कृषि सचिव, पर्यटन सचिव, खेल सचिव, कल्याण सचिव व ग्रामीण विकास विभाग के सचिव समेत अन्य को प्रतिवादी बनाया है। प्रार्थी पंकज यादव ने इसके पूर्व मोमेंटम झारखंड के आयोजन में हुई गड़बड़ियों को लेकर पूर्व सीएम रघुवर दास सहित कई वरीय अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। याचिका के अनुसार पांचों पूर्व मंत्री द्वारा 2014 व 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान दिये गये शपथ पत्र में संपत्ति बढ़ोतरी की जानकारी मिलती है।

**अगले 18 महीनों में 10 लाख....**

लक्ष्य है। नवनियुक्त 75 हजार से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंप दिये गये हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई 2022 तक छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 84,659 पद रिक्त थे। इनमें से सीआरपीएफ में 27,510, बीएसएफ में 23,435, सीआईएसएफ में 11,765, एसएसबी में 11,143, असम राइफल्स में 6,044 और आईटीबीपी में 4,762 पद रिक्त हैं।

**मुख्यमंत्री का बाल पत्रकारों के साथ...**

कहा कि बाल दिवस बच्चों को उनकी आवाज को व्यक्त करने में सक्षम बनाने और उनके विचारों को सुनने का दिन है। यूनिसेफ के द्वारा झारखंड में 12 वर्षों से अधिक समय से बाल पत्रकार कार्यक्रम चल रहा है जो बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है और उन्हें सीखने, खुद को व्यक्त करने तथा बाल अधिकारों के लिए कार्य करने और परिवर्तन के वाहक बनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस आयोजन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने के लिए यूनिसेफ के तीन बाल पत्रकारों हिमांशु कुमार, वैष्णवी प्रिया और लक्ष्मी कुमारी को फुटबॉल देकर पुरस्कृत किया।

---

## जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा

ज्ञांपाक....................../एम0 दिनांक........................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिला का बालू खनिज का District Survey Report (जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट) लोहरदगा जिला के website https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। उक्त DSR, Enforcement and Monitoring Guidelines for Sand Mining, 2020 के तहत आम जनता को उपलब्ध कराई जाती है।

अतएव उक्त के संबंध में यदि कोई आपति/ सुझाव हो, तो 30 दिनों के अन्दर अपनी आपति/ सुझाव जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा अथवा email dmo-lohardaga@jharkhandmail.gov.in पर प्रेशित करने की कृपा की जाय।

जिला खनन पदाधिकारी,
गुमला-सह-लोहरदगा

PR 282191 Lohardaga(22-23).D

---

झारखण्ड सरकार

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय, गढ़वा

INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU

**सूचना**

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत देश के अविवाहित युवक एवं युवतियों के लिए **IAF** से जुड़े पदों हेतु अधिसूचना (**Notification**) जारी किया है। जिसके तहत युवक/युवती उम्मीदवारों के लिए अग्निवायु सेवा परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस पदों हेतु आवेदन करने की तिथि दिनांक-07.11.2022 से दिनांक-23.11.2022 तक निर्धारित है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होने के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 50प्रतिशत अंको और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। इस अधिसूचना से संबंधित विशेष जानकारी देने के उदेश्य से वायु सेना की एक टीम दिनांक-15.11.2022 से दिनांक-17.11.2022 तक जिला के भ्रमण में रहेंगें। साथ ही विशेष रुप से दिनांक-16.11.2022 को जिला नियोजनालय,गढ़वा के कार्यालय परिसर में पुर्वाहन 10.30 बजे से कार्यशाला/ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित की गई है, जिसमें 17. 5 वर्ष से लेकर 21 वर्ष तक के युवक/युवतियां भाग ले कर गईडेंस प्राप्त करते हुए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले युवक/युवती स्वंय भी अधिकृत वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 282266 Labour Employment and Traning (22-23)_D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन/डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 1296000.00 | 324000.00 | 25-11-2022 | अपराह्न 1:00 बजे |
| 2 | छतरपुर | छतरपुर व्यसायिक ईकाई (1 डाक बंगला एवं 1 बहुद्देशीय भवन सहित संपूर्ण परिसर)। | 800000.00 | 200000.00 | | |
| 3 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला)। | 1008000.00 | 252000.00 | | |
| 4 | सदर मेदिनीनगर | पुराना प्रखण्ड कार्यालय, मेदिनीनगर के बगल में जिला परिषदीय भवन (वर्तमान में NPU संचालित)। | 2700000.00 | 675000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 24.11.2022 तक कॉलम संख्या-5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू** के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी। क्रमांक 4 पर अंकित जिला परिषदीय भवन में वर्तमान में NPU संचालित है। NPU द्वारा जिला परिषद को भवन हस्तगस्त करने के पश्चात् आवटन की तिथि अनुमान्य होगी।

उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

**नोट :- उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

ह0/-
उप विकास आयुक्त -सह-
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 282322 District(22-23).D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पॉकी | पॉकी | 288000.00 | 72000.00 | 25-11-2022 | अपराह्न 1:00 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |
| 10 | बस पड़ाव लेस्लीगंज | लेस्लीगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 24.11.2022 तक कॉलम संख्या-5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू** के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/-
उप विकास आयुक्त -सह-
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 282291 District(22-23)#D



सत्यमेव जयते
जनजातीय कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# गौरवशाली इतिहास से स्वर्णिम भविष्य तक

**माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा**

## भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल

उलिहातु गांव (खूंटी जिला), झारखंड में प्रतिमा पर माल्यार्पण

दिनांकः 15 नवंबर, 2022 (समयः 9:30 से 9:45 प्रातः)

## शहडौल में जनजातीय सम्मेलन

स्थानः लालपुर, शहडौल, मध्य प्रदेश

दिनाँकः 15 नवंबर, 2022 (समय : 1:45 से 3:00 बजे अपराह्न)

# जनजातीय गौरव दिवस 2022

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस घोषित

## जनजातीय सशक्तिकरण के उद्देश्य से सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम एवं उपलब्धियाँ

एकलव्य विद्यालयों की स्वीकृति में चार गुना से ज़्यादा की वृद्धिः 2014 में 167 विद्यालयों से बढ़कर 2022 में 686 विद्यालय स्वीकृत

छात्रवृत्ति में दोगुनी वृद्धि : 2014 में ₹978 करोड़ रुपए की तुलना में साल 2022 में ₹2533 करोड़ रुपए आवंटित

केंद्रीय जनजातीय उप-योजना के बजट में चार गुना से भी अधिक वृद्धि, 2014 में ₹21,525 करोड़ रुपए से बढ़कर 2022 में ₹87854 करोड़ रुपए हुई

वन अधिकार नियम 2006 के तहत दाखिल 20 लाख व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों के लाभार्थियों को 64 लाख हेक्टेयर भूमि के पट्टे दिये गये।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 36,428 ग्रामों का चरणबद्ध समन्वित एवं एकीकृत विकास

मिशन वन धन में 55036 वन धन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 लाख परिवार लाभान्वित

न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत शामिल छोटे वन उत्पादों की संख्या 2014 में 12 से सात गुना बढ़कर 2022 में 87 हो गई।

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य और पराक्रम भरे योगदान से प्रेरणा लेने के लिए पूरे भारत में 10 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए जा रहे हैं।

स्वीकृत जनजातीय अनुसंधान संस्थानों की संख्या 2014 में 17 से बढ़कर 2022-23 में 27 हुई




CBC 43101/13/0017/2223